


# हरिभूमि रायपुर भूमि



## माना-तूता में पहले 250 पेड़ काटे जाने थे, अब काटे जाएंगे 1500, शिफ्टिंग भी संभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के ग्राम माना-तूता में चित्रोत्पला फिल्म सिटी तथा कल्चरल कन्वेंशन सेंटर का निर्माण शुरू होते ही विरोध शुरू हो गया है। तूता के पास पर्यटन मंडल ने 100 एकड़ जमीन यहां पर उपलब्ध कराई है। वन विभाग की यह जमीन वर्ष 2006 में पर्यटन मंडल को हस्तांतरित की गई थी। यहां पर लगभग 4000 पेड़ खड़े हैं। निर्माण करने वाली संस्था ने यहां पर लगे पेड़ों में से 1500 पेड़ों को काटने की अनुमति मांगी है। जिला प्रशासन के माध्यम से ▶▶| शेष पेज 8 पर

### ग्रामीण और अन्य लोगों का विरोध

वर्षों से संरक्षित पेड़ों को काटे जाने के बाद ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया। जानकारी मिलने पर ग्रीन आर्मी, कांग्रेस और अन्य संगठनों ने विरोध शुरू किया। पिछले एक सप्ताह में पेड़ों की पूजा से लेकर सद्बुद्धि यज्ञ भी किया गया। पांच दिनों से चल रही गतिविधियों के कारण यहां पर अभी काम पूरी तरह से बंद है। आगे होली को देखते हुए यहां पर जगह ▶▶| शेष पेज 8 पर

### *विरोध के बाद पेड़ लगाने और शिफ्टिंग की तैयारी*

*निर्माण के दौरान यहां के जंगल को होने वाले नुकसान की भरपाई करने के लिए पास में वृक्षारोपण किए जाने का प्रस्ताव भी दिया गया है। विरोध के बाद यह कहा जा रहा है कि उन बड़े पेड़ों को शिफ्ट भी किए जाने की संभावनाओं को देखा जा रहा है। जो जमीन* ▶▶| शेष पेज 8 पर

### *पेड़ काटने अनुमति मांगी गई*

*तूता-माना के जंगल में पेड़ों की कटाई के संबंध में पहले 250 पेड़ों के लिए अनुमति मांगी गई थी। उसके बाद 1500 पेड़ों को काटने के संबंध में पत्र एसडीएम रायपुर के माध्यम से अनुमति मांगी गई है।*

*- लोकनाथ पटेल, डीएफओ रायपुर*

### खबर संक्षेप

#### एग्रो फूड संचालक के साथ 75 लाख की ठगी

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाने में एक एग्रो फूड के संचालक ने भोपाल के एक कारोबारी के खिलाफ 75 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोटा निवासी अमृत बिलथरे ने सैयद इरशाद के खिलाफ ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। अमृत ने पुलिस को बताया कि अपने एक परिचित के माध्यम से उसकी पहचान सैयद इरशाद से हुई थी।

#### दो महिलाओं के गले से चेन स्नैचिंग, केस दर्ज

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाने में दो महिलाओं ने एक अज्ञात महिला के खिलाफ चेन स्नैचिंग करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोटा निवासी पुष्पा ठाकुर तथा सुरभि बघेल ने चेन स्नैचिंग होने की शिकायत की है। पुष्पा ने पुलिस को बताया कि कोटा शुक्रवारी बाजार में वह शुक्रवार शाम को सब्जी खरीदने गई थी। इस दौरान एक महिला उसके साथ जानबूझकर धक्का-मुक्की कर उसके गले से सोने की चेन स्नैच कर ले गई।

अब ड्रंक एंड ड्राइव में गाड़ी जब्ती होने पर होली के बाद छूटेगी

## एक ही रात में पुलिस ने धरे डेढ़ सौ से ज्यादा नशेड़ी, गाड़ियां जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर


होली के पांच दिन पूर्व पुलिस ने हुड़दंग रोकने कार्रवाई तेज कर दी है। रायपुर पुलिस कमिश्नरेट के नार्थ, सेंट्रल तथा वेस्ट जोन में पुलिस तथा ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर डेढ़ सौ से ज्यादा नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने देर रात कार्रवाई शुरू कर तड़के तीन बजे तक गाड़ियों की जांच की है। जांच में फंसे नशेड़ी वाहन चालक कोर्ट में 10-10 हजार रुपए जुर्माना पटाकर अपनी गाड़ी छुड़ा पाए। कोर्ट के आदेश पर नशेड़ी वाहन चालकों से 15 लाख 40 हजार रुपए जुर्माना राशि वसूल की गई।

होली के मौके पर नशे में धुत्त होकर वाहन चलाने से हर वर्ष एक्सीडेंट की घटनाएं सामने आती हैं। इस बात को ▶▶| शेष पेज 8 पर

### अब पकड़े गए तो होली के बाद छूटेगी गाड़ी

नशे की हालत में शुक्रवार को जो गाड़ी चलाते पकड़े गए, उनकी गाड़ी शनिवार को चालान पटाने के बाद छूट गई। शनिवार के बाद होली के दिन तक जो नशे की हालत में गाड़ी चलाते पकड़े जाएंगे, उनकी गाड़ी होली के बाद छूटेगी। हालांकि सोमवार तथा मंगलवार को कोर्ट का अवकाश नहीं है। सोमवार को किसी के निधन पर कंडोलेंस है। इस वजह से सोमवार को न्यायालयीन कार्य नहीं ▶▶| शेष पेज 8 पर

### 15 लाख रुपए से ज्यादा जुर्माना





### सभी कार्रवाई बॉडी वार्न कैमरा से

कार्रवाई में पूरी तरह से पारदर्शिता बरतने गाड़ियों की जांच में लगे अफसर के साथ पुलिस तथा ट्रैफिक पुलिस ने बॉडी वार्न कैमरे से वाहन चालकों की ब्रीथ एनलाइजर से जांच की। बॉडी वार्न कैमरा होने पर जांच के दौरान कोई वाहन चालक पुलिस के साथ बदसलूकी करने की कोशिश करेगा, वह कैमरा में कैद हो जाएगा। बदसलूकी करने वाले के खिलाफ पुलिस मोटर व्हिकल एक्ट के साथ बीएनएस की धारा में अपराध दर्ज कर कार्रवाई करेगी।

### जांच की जद में ट्रक से लेकर ई-रिक्शा चालक

पुलिस ने सोमवार को जिन नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है, उनमें 64 कार चालक, 65 दोपहिया वाहन चालक, 8 ट्रक, 12 मिनी डोर, एक बोलेरो, 2 माजदा, 1-1 ट्रैक्टर तथा ई-रिक्शा के चालक नशे की हालत में गाड़ी चलाते पकड़े गए हैं।

### *कई रसूखदार भी फंसे*

*नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने पुलिस ने भाठागांव, जयस्तंभ, फाफाडीह चौक, खमतराई थाना के सामने, टाटीबंध चौक, पचपेड़ी नाका चौक, पंडरी थाना के सामने में स्टापर लगाकर चेक पाइंट बनाकर नशेड़ी वाहन चालकों की गाड़ी जब्त करने की कार्रवाई की। पुलिस सूत्रों के अनुसार रात को पीकर गाड़ी चलाने वाले कई रसूखदार थे, उन्होंने पकड़े जाने के बाद कई जगह से सिफारिश लगवाई लेकिन पुलिस ने गाड़ी जब्त कर ली। उसकी वजह से उन्हें दूसरों की मदद से ही जाना पड़ा।*

बार-बार बयान बदलने पर गहराया शक

## स्कूटी की डिक्की से 75 लाख बरामद, हवाला की रकम होने की आशंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आजाद चौक थाने की पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक स्कूटी की डिक्की से 75 लाख रुपए जब्त किया है। आशंका जताई जा रही है, जब्त रकम को हवाला के जरिए ट्रांसफर किया जाना था। रकम जब्ती की सूचना पुलिस ने आयकर विभाग को दे दी है। आयकर विभाग की जांच के बाद रकम को लेकर आगे निर्णय लिया जाएगा। आजाद चौक तथा क्राइम ब्रांच पुलिस ने शुक्रवार देर शाम वाहन जांच के दौरान मिलन शर्मा ▶▶| शेष पेज 8 पर

### गुजरात और राजस्थान के रास्ते बड़े पैमाने पर हवाला

सूत्रों के अनुसार गुजरात तथा राजस्थान से कारोबार करने आए कई कारोबारी लंबे अरसे से हवाला की रकम कमीशन लेकर एक जगह से दूसरी जगह ट्रांसफर करने का काम कर रहे हैं। मिलन ने कितने कारोबारियों से रकम कलेक्शन किया था, इस संबंध में पुलिस की पूछताछ करने के बाद आयकर अफसर मिलन से पूछताछ कर रहे हैं।




# प्रदेश भाजपा संगठन का लगातार विस्तार, पर नए कार्यसमिति सदस्यों का अब भी इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होने के बाद अब प्रदेश भाजपा में संगठन का बचा विस्तार तो लगातार हो रहा है, लेकिन सबसे अहम प्रदेश संगठन की कार्यसमिति के नए सदस्यों का छह माह से इंतजार हो रहा है। पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के कारण मामला अटका था, अब तो राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव भी हो गया है, लेकिन कार्यसमिति के सदस्य अब तक तय नहीं हो सके हैं। एक तो इस समय भाजपा के प्रदेश प्रभारी जहां राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं, वहीं बंगाल चुनाव के कारण प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय वहां पर हैं। सूत्रों का कहना है कार्यसमिति के सदस्यों का फैसला होने में अभी और समय लगेगा।




### नए चेहरों को मिलेगा मौका

इस समय भाजपा की जो कार्यसमिति है, उसमें कई नाम ऐसे हैं जिनको जहां दूसरी जिम्मेदारी मिल गई है, वहीं जिन पुराने सांसदों को कार्यसमिति में रखा गया था, अब वे सांसद नहीं हैं। हालांकि इनमें से अब कुछ विधायक बन गए हैं। पुराने सदस्यों में जो सांसद थे उसमें संतोष पांडेय और विजय बघेल तो अब भी सांसद हैं लेकिन सुनील सोनी, गोमती साय और रेणुका सिंह इस समय सांसद नहीं हैं, लेकिन ये विधायक जरूर हैं। इनको सदस्य के रूप में रखा जा सकता है। लेकिन इसका फैसला राष्ट्रीय नेतृत्व से पूछ कर ही होगा। मोहन मंडावी, गुहाराम अजगले, चुन्नीलाल साहू इस समय सांसद नहीं हैं। इसी तरह से रणविजय सिंह जूदेव भी इस समय राज्य सभा सदस्य नहीं हैं। इसी तरह से अशोक बजाज इस समय कार्यालय मंत्री बन गए हैं। संगठन के महामंत्री संजय श्रीवास्तव नान के अध्यक्ष बन गए हैं। अन्य पद पाने वालों में जो नाम शामिल हैं, उनमें पूजा विधानी और मीनल चौबे महापौर बन गई हैं। कार्यसमिति में भी कई नए चेहरों को मौका मिलेगा। इसको लेकर लंबे से इंतजार हो रहा है।

प्रदेश भाजपा की कार्यकारिणी का लंबे इंतजार के बाद बीते साल 13 अगस्त को ऐलान हुआ था। इसमें बड़ा बदलाव किया गया। डेढ़ दर्जन से ज्यादा नए चेहरों को इसमें रखा गया है। इसके पीछे का कारण यह है कि पुराने पदाधिकारियों को नए पद मिल चुके हैं। ऐसे में इनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया गया है। अब कार्यकारिणी के बाद सबसे अहम कार्यसमिति के सदस्य बनाने का काम करना है। इसका गठन लंबे समय से अटका हुआ है। सभी मोर्चा की कार्यकारिणी का ऐलान हो चुका है। इसी के साथ ज्यादातर मोर्चा के जिलाध्यक्ष भी बन गए हैं। जिन मोर्चा में कुछ जिले बचे थे, उनका ऐलान भी कर दिया गया है। इसी के साथ लगातार प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी और इसके जिलाध्यक्षों का भी ऐलान हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



**रायपुर।** जनसंपर्क विभाग में 36 वर्षों तक अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देने के बाद अपर संचालक जवाहर लाल दरियो के सेवानिवृत्ति अवसर पर शनिवार को नवा रायपुर स्थित संवाद के ऑडिटोरियम में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयुक्त जनसंपर्क डॉ. रवि मित्तल सहित जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने श्री दरियो को भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में आयुक्त जनसंपर्क डॉ. रवि मित्तल ने श्री दरियो की सेवा, समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा की। उन्होंने श्री दरियो को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वस्थ, सुदीर्घ और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। अपर संचालक उमेश मिश्रा ने उनके साथ कार्य के अपने अनुभव को शेयर करते हुए कहा कि अविभाजित मध्यप्रदेश के इंदौर से जब उनका स्थानांतरण हुआ तो उन्होंने ही कार्यभार ग्रहण किया। अपर संचालक संजीव तिवारी ने श्री दरियो की सरलता और दायित्वों के प्रति समर्पण की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अपर संचालक आलोक देव ने श्री दरियो की जीवनी पर प्रकाश डाला। श्री दरियो ने इस मौके पर विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त मार्गदर्शन और सहकर्मियों से मिले सहयोग के लिए आभार जताते हुए कहा कि आप सभी लोगों के सहयोग से ही वह अपने दायित्वों के निर्वहन में सफल रहे हैं।

### सीएम ग्रामीण के भी 23 हजार से अधिक आवास अपूर्ण

# 2016 से 2023 तक स्वीकृत पीएम ग्रामीण के 56 हजार आवास अधूरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण (पीएमएवाय) और मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब वर्ग के परिवारों को पक्के मकान देना है। इस योजना से कच्चे या क्षतिग्रस्त घरों में रहने वाले परिवारों को बड़ी राहत मिल रही है, लेकिन प्रदेश में इन दोनों योजनाओं के तहत स्वीकृत किए गए मकानों का निर्माण कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है, जिसके कारण हितग्राहियों को भी इस योजना के तहत मकान मिल नहीं पा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना अंतर्गत अभी तक 23 प्रतिशत यानी 56 हजार 165 आवास पूर्ण नहीं हो पाए हैं, वहीं मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण योजना अंतर्गत बनाए जा रहे आवासों में 23 हजार 522 अधूरे पड़े हुए हैं। इस तरह प्रधानमंत्री ग्रामीण के 22.81 प्रतिशत और मुख्यमंत्री ग्रामीण के 61.66 प्रतिशत आवास पूर्ण नहीं होने के कारण उनका आवंटन भी नहीं हो पाया है।



### पीएम आवास में कोरिया में 100 प्रतिशत पूर्ण, मनेंद्रगढ़ में सबसे कम 35.57 प्रतिशत आवास पूर्ण

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से मिले आकड़ों के अनुसार प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत कोरिया जिले में शतप्रतिशत आवास पूर्ण कर लिए गए हैं। इस जिले में 5060 आवास स्वीकृत किए गए थे, जिनका निर्माण भी पूरा हो चुका है। इस तरह कोरिया स्वीकृत आवास का शतप्रतिशत पूर्ण करने वाला राज्य का इकलौता और पहला जिला भी बन चुका है, वहीं सबसे कम आवास का निर्माण मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-गंडई जिले में हो पाया है। यहां 7734 आवास स्वीकृत किए गए है, जिसके एवज में अब तक सिर्फ 2751 आवास ही पूर्ण हो पाए हैं, जो कुल आवास का 35.57 प्रतिशत है।

### सीएम आवास में सबसे अधिक राजनांदगांव में एवं सबसे कम नारायणपुर में आवास पूर्ण

मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत प्रदेश के किसी भी जिले में आवास पूर्ण होने का प्रतिशत 70 भी नहीं पहुंच पाया है। सबसे अधिक राजनांदगांव में 62.86 प्रतिशत आवास पूर्ण हो पाए हैं। यहां 867 आवास की स्वीकृति मिली थी, जिसके एवज में 543 आवास पूर्ण हो पाए हैं। इसी प्रकार नारायणपुर में 7.45 प्रतिशत ही आवास पूर्ण हुए है। इस जिले में मात्र 94 आवास निर्माण की स्वीकृति है, जिसके एवज में अब तक मात्र 7 आवास ही पूर्ण किए गए हैं। नारायणपुर की तरह बीजापुर में भी आवास पूर्ण का प्रतिशत 8.63 है।

### स्वीकृत-पूर्ण आवास की स्थिति जिलेवार

| जिला | पीएम आवास स्वीकृत | पीएम आवास पूर्ण | सीएम आवास स्वीकृत | सीएम आवास पूर्ण |
|---|---|---|---|---|
| बालोद | 5897 | 4801 | 658 | 373 |
| कबीरधाम | 7782 | 6254 | 3094 | 1610 |
| बलरामपुर | 10418 | 9016 | 558 | 163 |
| बस्तर | 8568 | 7301 | 801 | 224 |
| बेमेतरा | 4893 | 3779 | 2135 | 991 |
| बीजापुर | 1596 | 1224 | 823 | 71 |
| बिलासपुर | 10994 | 8116 | 4692 | 1450 |
| दंतेवाड़ा | 5535 | 4449 | 88 | 22 |
| धमतरी | 3028 | 2389 | 662 | 319 |
| दुर्ग | 3320 | 2583 | 1756 | 840 |
| गरियाबंद | 9552 | 7671 | 1160 | 409 |
| गौरेला-पेंड्रा-मरवाही | 5171 | 3156 | 421 | 117 |
| जांजगीर-चांपा | 7667 | 5575 | 1734 | 506 |
| जशपुर | 14208 | 11454 | 604 | 185 |
| कांकेर | 10881 | 8749 | 541 | 182 |
| कबीरधाम | 5538 | 3926 | 1744 | 892 |
| खैरागढ़-छुईखदान-गंडई | 2141 | 1520 | 320 | 114 |
| कोंडागांव | 8650 | 5944 | 416 | 115 |
| कोरबा | 15328 | 11613 | 1072 | 364 |
| कोरिया | 5060 | 5060 | 316 | 75 |
| महासमुंद | 12748 | 10076 | 1780 | 594 |
| मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर | 7734 | 2751 | 301 | 81 |
| मोहला-मानपुर-अं.चौकी | 3428 | 2544 | 280 | 161 |
| मुंगेली | 7612 | 6343 | 2935 | 1716 |
| नारायणपुर | 1540 | 674 | 94 | 07 |
| रायगढ़ | 11504 | 9592 | 1400 | 627 |
| रायपुर | 2519 | 1904 | 1673 | 772 |
| राजनांदगांव | 1761 | 1456 | 867 | 545 |
| सक्ती | 11631 | 9438 | 2131 | 619 |
| सारंगढ़ | 9239 | 7036 | 1790 | 532 |
| सुकमा | 2574 | 2076 | 341 | 123 |
| सूरजपुर | 10832 | 9074 | 633 | 307 |

# राज्यसभा के लिए कांग्रेस-भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्यसभा की दो रिक्त सीटों के लिए चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। 26 फरवरी को अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। नामांकन 5 मार्च तक दाखिल किए जा सकेंगे। अधिसूचना के दो दिन बाद भी दोनों दलों की ओर नाम न आने के कारण नामांकन नहीं भरा गया है। विधानसभा की मौजूदा संख्या-स्थिति को देखते हुए एक सीट भारतीय जनता पार्टी और एक सीट कांग्रेस के खाते में जाने की प्रबल संभावना है, हालांकि दोनों दलों ने अंतिम निर्णय के लिए अपने-अपने प्रस्ताव केंद्रीय नेतृत्व को भेजा है।

- अधिसूचना जारी होने के दो दिन बाद तक छत्तीसगढ़ में नामांकन दाखिल नहीं

कांग्रेस से संभावित उम्मीदवारों को लेकर गहन विचार-विमर्श जारी है। पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रदेश नेतृत्व से जुड़े कई वरिष्ठ चेहरे चर्चा में हैं। कांग्रेस संगठनात्मक अनुभव, आदिवासी नेतृत्व और क्षेत्रीय संतुलन जैसे पहलुओं को ध्यान में रखकर पार्टी निर्णय ले सकती है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बार प्रदेश नेतृत्व को प्राथमिकता देने की संभावना अधिक है। भाजपा परंपरागत रूप से राज्यसभा के लिए स्थानीय नेतृत्व को प्राथमिकता देती रही है।

### विधानसभा में दलीय स्थिति

छत्तीसगढ़ विधानसभा में कुल 90 सदस्य हैं। वर्तमान में भाजपा के 54, कांग्रेस के 35 और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का एक विधायक है। दो सीटों पर चुनाव होना है। राज्यसभा चुनाव के तय फार्मूले के अनुसार जीत के लिए किसी भी उम्मीदवार को जीत सुनिश्चित करने के लिए न्यूनतम 31 प्रथम वरीयता मतों की आवश्यकता होगी। संख्या बल को देखते हुए दोनों प्रमुख दल एक-एक सीट निकालने की स्थिति में दिखाई देते हैं।

### 9 अप्रैल को तुलसी-नेताम का कार्यकाल खत्म

छत्तीसगढ़ से राज्यसभा में वर्तमान में पांच सदस्य हैं। इनमें से दो सदस्यों का कार्यकाल 9 अप्रैल को समाप्त हो रहा है। इनमें कांग्रेस की फूलोदेवी नेताम और केटीएस तुलसी शामिल हैं। कांग्रेस के राजीव शुक्ला और रंजीत रंजन का कार्यकाल 2028 तक है, जबकि भाजपा से देवेन्द्र प्रताप सिंह 2030 तक सदस्य बने रहेंगे।

## आज रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर में देंगे भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश भाजपा से जुड़े नए पदाधिकारियों को भाजपा की रीति-नीति और कार्य पद्धति से अवगत कराने कि किस तरह से काम करना है, इसकी जानकारी देकर प्रदेश में लगातार मंडल, जिला स्तर पर कार्यशाला होगी। भाजपा प्रदेश संगठन के 28 नेता मुंबई से प्रशिक्षण लेकर वापस आ गए हैं। अब पहले चरण में प्रदेश के पांचों संभागों में भाजपा की प्रशिक्षण कार्यशाला होगी। रविवार को एक ही दिन तीन संभागों रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर में कार्यशाला होगी। पहले 28 फरवरी को दो संभागों की कार्यशाला तय की गई थी, लेकिन अभ इसमें बदलाव किया है।

भाजपा की रीति-नीति से लेकर कार्य पद्धति सहित अलग-अलग 14 विषयों के लिए हर राज्य में मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं। छत्तीसगढ़ के 28 मास्टर ट्रेनर मुंबई की कार्यशाला में तैयार हुए हैं। इन ट्रेनरों में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री यशवंत जैन, नवीन मार्कंडेय, अखिलेश सोनी के साथ प्रदेश के सांसद, विधायक और प्रदेश के नेता शामिल हैं। इनको अलग-अलग विषयों का ट्रेनर बनाया गया है।


नवमीं पुण्यतिथि



संस्थापक- धनश्री ज्वेलर्स
स्वर्गीय श्री लक्ष्मीनारायण सोनी
जन्म-1941, देहावसान 1.3.2017
कर्म-निष्ठा का प्रदीप्त प्रकाश सामाजिक सेवा का विलक्षण व्यक्तित्व नैतिक मूल्यों और सिद्धांतों के आदर्श प्रेम के स्रोत पिता श्री लक्ष्मीनारायण जी सोनी की नवमीं पुण्यतिथि पर श्री चरणों में शत्-शत् नमन

सतत अपने विचारों और मार्गदर्शन के माध्यम स्वरूप में आप हमारे बीच विधमान है और सदा रहेंगे।

भावपूर्ण श्रद्धांजलि सोनी (कुकरा) परिवार रायपुर छत्तीसगढ़

संस्थान:
धनश्री ज्वेलर्स सदर बाजार, रायपुर, 9425213421, 9425528585
- लक्ष्मीनारायण घनश्याम सोनी
- एल.जी. डाई कटर्स, नयापारा, शंकर चौक, रायपुर 9425555031, 9893088840.
- लक्ष्मीनारायण सोनी ग्रैंडसन्स प्राईवेट लिमिटेड, सदर बाजार रायपुर

Khanna


### गर्म पानी डाला, लाठी से पीट पीटकर, भूखे-प्यासे रखकर दो पालतू कुत्तों को मार डाला



**रायपुर।** घर के पालतू कुत्ते पर खौलते हुए गर्म पानी डालने के साथ एक अन्य कुत्ते की बर्बरता पूर्वक डंडे से पिटाई तथा दोनों को भूखे प्यासे रख कर मारने वाले डॉग मालिक के खिलाफ एक एनिमल लवर ने खम्हारडीह थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। एनिमल लवर की शिकायत पर पुलिस ने डॉग के मालिक के खिलाफ पशु अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया है।

लक्ष्य राजकुमार राठी के खिलाफ पेशे के सीनियर मैनेजर तथा एनिमल बैलेफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया ने एचएडब्ल्यूआर के पद पर कार्यरत डॉ. किरण आहूजा ने शिकायत दर्ज कराई है। डॉ. किरण ने पुलिस को बताया है कि 10 फरवरी की रात लक्ष्य राजकुमार अपने घर में पाले हुए पामेलियन नस्ल के दो डॉगी, जिसमें से एक पर खौलता हुआ गर्म पानी फेंका तथा दूसरे को मारने की नीयत से लाठी से बुरी तरह से पिटाई की। दूसरे दिन एक अन्य एनिमल लवर वंचना लाबान ने लक्ष्य राजकुमार की पत्नी के पास शिकायत की, तो वे लोग डॉगी को उपचार कराने ले गए। आरोप है कि दोनों डॉगी का उपचार कराने के बाद लक्ष्य राजकुमार ने उन्हें घर में भूखे प्यासे रखा और अंत में अधमरा हालत होने पर दोनों डॉगी को एक दलदल में फेंक दिया, जहां 10 दिन बाद दोनों की मौत हो गई। आरोपी के खिलाफ टीआई द्वारा किसी तरह की कार्रवाई नहीं करने पर एनिमल लवर पुलिस कमिश्नर के पास शिकायत करने जाने की बात कह रहे हैं।


शोक संदेश

जन्म 04-04-1963



स्वर्गवास 20-02-2026

स्व. दाऊ श्री डोगेन्द्र नायक जी

विधि के विधान के सामने नतमस्तक होकर अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पति दाऊ श्री डोगेन्द्र नायक जी का स्वर्गवास दिनांक 20-02-2026 दिन शुक्रवार को हो गया है। जिनका दशगात्र कार्यक्रम दिनांक 01-03-2026 रविवार को सम्पन्न होगा। यह केवल हमारे परिवार के लिए ही नहीं, अपितु समस्त परिचितजनों के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। उनका मार्गदर्शन स्नेह और उपस्थिति सदैव स्मरण रहेगा। अतः आप सपरिवार पधारकर प्रार्थना करें कि ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा हमें यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

कार्यक्रम स्थल - निज निवास ग्राम रायखेड़ा
टीप : तालाब का कार्यक्रम दोपहर 12 बजे तक सम्पन्न होगा।
अस्थि विसर्जन हेतु गंगाजी गये है।

शोकाकुल परिवार
कौशल, रूपेन्द्र, अंबिका, राज, गिरीश, दिनेश, विनय विमल, गौरव, विनोद, चन्द्रशेखर, वैभव, राम, ख्याति, डॉ. विवेक एवं समस्त नायक परिवार रायखेड़ा
मो. 7879320795

विनीत -
श्रीमती सावित्री नायक (पत्नी)
अंगेश्वर प्रसाद नायक (भैय्या)
ओमप्रकाश नायक (भाई)
डॉ. सानू-तुषार वर्मा (बेटी-दामाद)
डॉ. सोनम-डॉ. कर्तव्य वर्मा (बेटी-दामाद)
डॉ. पूर्वा नायक (पुत्री)

टीप - जिन प्रियजनों एवं साथियों को शोक पत्र नहीं मिल पाया हो वह इसे ही आमंत्रण स्वीकार करें।



लाइव इवेंट

## विज्ञान दिवस पर विद्यार्थियों ने सीखे 'बेसिक इलेक्ट्रिकल स्किल्स' के गुर



**रायपुर।** महान भारतीय वैज्ञानिक डॉ. सी.वी. रमन द्वारा 'रमन प्रभाव' की खोज की स्मृति में शनिवार को देशभर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इसी कड़ी में स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम मॉडल कॉलेज, अटारी में भी विज्ञान दिवस 2026 का भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम का मुख्य विषय बेसिक इलेक्ट्रिकल स्किल्स रखा गया था, जिसका उद्देश्य छात्रों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक तकनीकी ज्ञान से जोड़ना था।कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य के स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ। उन्होंने विज्ञान और तकनीकी कौशल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को बताया कि आज के आधुनिक दौर में 'मूलभूत विद्युत कौशल' केवल रोजगार हासिल करने के नजरिए से ही नहीं, बल्कि हमारी रोजमर्रा की जिंदगी की जरूरतों के लिए भी बेहद अहम हैं।

### सुरक्षा और व्यावहारिक ज्ञान पर रहा जोर

आयोजन की विस्तृत रूपरेखा कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. रश्मि शर्मा और सह-समन्वयक प्रवीण सिंह द्वारा प्रस्तुत की गई। उन्होंने विद्यार्थियों को आयोजन के मुख्य उद्देश्यों से अवगत कराते हुए बताया कि इसका मकसद छात्रों को बिजली से जुड़े मूलभूत ज्ञान, सुरक्षा के जरूरी उपायों और इसके व्यावहारिक इस्तेमाल से पूरी तरह परिचित कराना है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और विषय विशेषज्ञ के रूप में श्रवण साहू उपस्थित रहे। उन्होंने 'बेसिक इलेक्ट्रिकल स्किल्स' पर विस्तार से अपनी बात रखी। श्री साहू ने बेहद सरल भाषा में विद्यार्थियों को विद्युत उपकरणों की पहचान करना, वायरिंग के मूल सिद्धांत, स्विच बोर्ड कनेक्शन, फ्यूज, एमसीबी अर्थिंग और बिजली के काम के दौरान बरती जाने वाली सुरक्षा के आवश्यक नियमों की व्यावहारिक जानकारी दी।

# नई बीट पर गूंजे भक्ति गीत, ब्रज-बरसाने की तर्ज पर रंगोत्सव में झूमे रायपुरियंस

इंडोर स्टेडियम में भक्ति रस में डूबे हजारों लोग, 4 घंटे तक चला संगीत और नृत्य का दौर

**होली के त्योहार से पहले इंडोर स्टेडियम शनिवार शाम पूरी तरह से भक्तिमय हो गया। यहां ब्रज और बरसाने की तर्ज पर भव्य 'फूलों की होली' खेली गई, जिसमें हजारों लोग राधा-कृष्ण की भक्ति में लीन नजर आए।माधवाज बैंड और इस्कॉन की कीर्तन मंडलियों ने ऐसा जादुई समां बांधा कि हर कोई थिरकने को मजबूर हो गया। शाम 6 बजे से शुरू हुई भक्ति गीतों की सुमधुर प्रस्तुति रात 11 बजे तक अनवरत जारी रही। भक्ति गीतों की रिमिक्स धुनों पर युवाओं के साथ-साथ हर आयु वर्ग के लोग झूमते नजर आए। भजनों का ऐसा गहरा प्रभाव दिखा कि स्टेडियम में मौजूद हर शख्स राधा-कृष्ण की लीलाओं में मग्न होकर नृत्य करता रहा।**

**रायपुर।** कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण माधवाज बैंड की ऊर्जा से भरी प्रस्तुति रही। बैंड ने अपने संगीत के जरिए युवाओं को संदेश दिया कि यह एक ऐसी अनूठी क्लबिंग है, जहां किसी भी प्रकार के भौतिक नशे की जरूरत नहीं है; यहां केवल भक्ति, मधुर संगीत और सकारात्मक ऊर्जा का ही सुरूर होता है। इस उत्सव में युवाओं ने गायन और नृत्य के माध्यम से एक बेहद दिव्य और सकारात्मक अनुभव प्राप्त किया। इस भव्य और संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन 'सामाजिक चेतना मंच' के तत्वावधान में किया गया था। इस आध्यात्मिक आयोजन को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग, जनसंपर्क विभाग और इस्कॉन का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।



### नई बीट वाले भक्ति गीतों पर जमकर उड़े फूल

कार्यक्रम के दौरान लोगों ने भक्ति गीतों की सुमधुर धुनों पर जमकर 'फूलों की होली' खेली। माधवाज बैंड ने 'रंग बरसे...', 'बृज में होली...', 'बरसाने वाली राधा...' और 'होली के रंगों में ब्रज' जैसे लोकप्रिय भजनों को नई और आधुनिक बीट्स के साथ शानदार अंदाज में पेश किया। इन रिमिक्स भक्ति गीतों की ऊर्जा ने वहां मौजूद हर शख्स को झूमने पर मजबूर कर दिया।इस खास आयोजन की रौनक तब और बढ़ गई जब बड़ी संख्या में लोग पारंपरिक परिधानों, धोती और कुर्ता-पैजामा में सजे-धजे नजर आए। होली के मुख्य त्योहार से पहले हुए इस अनोखे और आध्यात्मिक आयोजन ने सभी के लिए इसे एक बेहद यादगार लम्हा बना दिया। कार्यक्रम में आयोजक उज्ज्वल दीपक के साथ आशुतोष दुबे, अतुल श्रीवास्तव व आयोजन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।









### राधाकृष्ण के स्वरूप में पहुंची कीर्तन मंडलियों ने मोहा मन



इस अवसर पर इस्कॉन की प्रतिष्ठित कीर्तन मंडलियों ने भी अपनी शानदार भक्तिमय प्रस्तुतियों से पूरे वातावरण को कृष्ण भक्ति से सराबोर कर दिया। सामूहिक संकीर्तन ने वहां मौजूद युवाओं को एक अलौकिक और दिव्य अनुभूति प्रदान की। राधा-कृष्ण के मनमोहक स्वरूप में सजी इन कीर्तन मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी को भक्ति गीतों पर जमकर नचाया। इस दौरान माहौल इतना जीवंत और भक्तिमय हो गया था कि उपस्थित लोगों को ऐसा महसूस हुआ, मानो वे खुद साक्षात ब्रज और बरसाने में फूलों की होली खेल रहे हों। कार्यक्रम में मंत्री गुरु खुशवंत साहेब समेत विधायक व जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए।



### मुख्यमंत्री ने भक्तों के संग खेली फूलों की होली

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय माधवास रॉक बैंड के 'बिगेस्ट भजन क्लबिंग' कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान श्री साय ने कहा कि भजन क्लबिंग युवाओं को अध्यात्म से जोड़ने का एक अभिनव और सकारात्मक प्रयास है। इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा, अजय जामवाल, आलोक डंगस, सामाजिक चेतना मंच के अध्यक्ष उज्ज्वल दीपक सहित अन्य पदाधिकारी, इस्कॉन रायपुर से स्वामी सुलोचन प्रभुजी, स्वामी तमाल कृष्ण प्रभुजी, स्वामी निखिलापति प्रभुजी, स्वामी रघुपति दास तथा बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

सिटी इवेंट

## माहेश्वरी महिला संगठन के दो रजत उत्सव संपन्न, समाजजन सम्मानित



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन का दो दिवसीय अधिवेशन एवं रजत उत्सव शनिवार को राजधानी रायपुर के माहेश्वरी भवन डूंडा में संपन्न हुआ। उक्त जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि अधिवेशन के दूसरे दिवस पर विशेष उपलब्धियां प्राप्त महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू बांगड़ एवं राष्ट्रीय महामंत्री ज्योति राठी प्रमुख रूप से मौजूद रहीं। प्रदेश अध्यक्ष शशि गट्टानी ने बताया कि प्रातः ट्रेजर हंट प्रतियोगिता आयोजित कर रंगबिरंगी होली खेली गई। प्रथम सत्र का शुभारंभ नव परिवर्तन शेष जिंदगी विशेष जिंदगी विषय से हुआ। इसके पश्चात नवसंचार (क्विज)एवं नववक्ता(वाद–विवाद) प्रतियोगिता आयोजित हुई। वहीं अधिवेशन का समापन पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के सम्मान के साथ हुआ। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय संगठन मंत्री ममता मोदानी, मध्यांचल सह प्रभारी अनिता जावधिया, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य अमिता मुंदड़ा, प्रतिभा नत्थानी, समिति प्रभारी भावना राठी, सत्र संरक्षिका पुष्पा राठी, प्रदेश सचिव रूपा मुंदड़ा, कोषाध्यक्ष नंदा भट्टड़, संगठन मंत्री उर्मिला टावरी, शांता माहेश्वरी, संतोष चांडक, कांता राठी आदि उपस्थित रहे।

## आमलकी एकादशी पर विष्णु सहस्त्रनाम पाठ

*रायपुर। महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति द्वारा हर एकादशी को होने वाला विष्णु सहस्त्रनाम का ऑनलाइन पाठ शनिवार को आमलकी एकादशी के अवसर पर किया गया। समिति की सदस्य मंजूषा मरकले की अगवाई में सभी ने पाठ किया। समन्वयक आस्था काले ने बताया कि आमलकी एकादशी को रंगभरी एकादशी भी कहा जाता है। मान्यताओं के अनुसार इस दिन भोलेनाथ मां पार्वती का गौना कराकर लाए थे। इसी के कारण रंगभरी एकादशी के दिन गुलाल की होली खेली जाती है। विशेषकर काशी में इस पर्व को होली की तरह ही धूमधाम से मनाया जाता है।*

# कॉलेज-गार्डन और होटलों में सतरंगी छटा की धूम, फूलों संग उड़ाया रंग-गुलाल, रंगबिरंगे चेहरों को याद रखने ली सेल्फी

शहर में शनिवार को कई जगह प्री-होली सेलिब्रेट करने कहीं डीजे तो किसी जगह पारंपरिक गीत-संगीत पर छलका उत्साह

**रायपुर।** 'रंगों के महापर्व से पहले ही शहर के कॉलेजों, गार्डन और होटलों में भी सतरंगी छटा बिखरने लगी है। इसे यादगार बनाने के लिए डीजे संग पारंपरिक होली गीतों की धुनों पर हर वर्ग के लोग झूमते नजर आए। युवाओं के उत्साह की साइंस कॉलेज और डिग्री गर्ल्स कॉलेज में सुबह से दोपहर तक धूम रही। वहीं अलग-अलग समाज के लोगों समेत कई संस्थाओं ने भी समारोह और कार्निवल का स्वरूप देते हुए अवसर को खास बनाने का प्रयास किया। रंगों से सराबोर चेहरों को साफ करने की जगह सभी यथास्थिति मोबाइल में सेल्फी बनाने उत्साही नजर आए। शनिवार को यह सिलसिला सुबह से लेकर देर-शाम तक अलग-अलग आयोजनों की श्रृंखला में चला।'


*'रंगों के महापर्व से पहले ही शहर के कॉलेजों, गार्डन और होटलों में भी सतरंगी छटा बिखरने लगी है। इसे यादगार बनाने के लिए डीजे संग पारंपरिक होली गीतों की धुनों पर हर वर्ग के लोग झूमते नजर आए। युवाओं के उत्साह की साइंस कॉलेज और डिग्री गर्ल्स कॉलेज में सुबह से दोपहर तक धूम रही। वहीं अलग-अलग समाज के लोगों समेत कई संस्थाओं ने भी समारोह और कार्निवल का स्वरूप देते हुए अवसर को खास बनाने का प्रयास किया। रंगों से सराबोर चेहरों को साफ करने की जगह सभी यथास्थिति मोबाइल में सेल्फी बनाने उत्साही नजर आए। शनिवार को यह सिलसिला सुबह से लेकर देर-शाम तक अलग-अलग आयोजनों की श्रृंखला में चला।'*




### नेपाली समाज ने पारंपरिक तरीके से मनाया उत्सव

अनुपम गार्डन में हर साल की तरह ही पशुपतिनाथ नेपाली सेवा समिति की पहल पर प्री-होली सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में हर वर्ग के लोगों ने शिरकत करते हुए रंगों के महापर्व से पहले ही उत्सव की खुशी पारिवारिक माहौल में साझा की। इसमें समाज की महिलाओं ने बच्चों को भी पारंपरिक उत्सव का हिस्सा बनाया, ताकि उन्हें तीज-त्योहारों की महत्ता का बोध कराया जा सके। इस दौरान घर से साथ लेकर पहुंचे व्यंजनों का सभी ने आनंद लिया। वहीं हर्बल रंग और गुलाल लगाते हुए सभी ने एक-दूसरे को रंगों के महापर्व से पहले शुभकामनाएं दीं।



**डिग्री गर्ल्स में रंग-गुलाल खेलने के बाद बनाई सेल्फी:** शहर में कालीबाड़ी स्थित गर्ल्स कॉलेज कैंपस में रंगों के महापर्व का उल्लास देखने को मिला। कॉलेज की छात्राओं के समूह ने हॉस्टल में रहने वाली सहपाठियों की तलाश शुरू की। गीत-संगीत का लुत्फ उठाने की जगह छात्राओं के अलग-अलग ग्रुप ने स्नेह के रंगों की बौछार करते हुए होली से पहले ही सहेलियों के साथ रंगोत्सव का माहौल निर्मित किया। कॉलेज प्रबंधन के मार्गदर्शन में पारंपरिक रंग उत्सव की परंपरा निभाई गई। इस बीच रंगे-पुते चेहरों के साथ अवसर को यादगार बनाने के लिए एक-दूसरे की सेल्फी भी ली।



### रोटरी क्लब एलिगेंस के होली कार्निवल में चढ़ा उत्सव का रंग

रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलिगेंस ने एक निजी होटल में होली के अवसर पर होली कार्निवल का आयोजन किया। क्लब के सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को ऑर्गेनिक रंग लगाते हुए होली की शुभकामनाएं दीं। इसमें लगभग 80 सदस्यों ने उत्साह से भाग लिया और रंगों के त्योहार को हर्षोल्लास से मनाया गया। सदस्यों ने डांस, मस्ती और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लिया। विशेष रूप से ऑर्गेनिक रंगों से खेली गई होली ने सभी को आकर्षित किया। स्वादिष्ट स्नेक्स की व्यवस्था की गई थी। प्रेसिडेंट नीरू अग्रवाल ने सभी सदस्यों को होली के इस सेलिब्रेशन का हिस्सा बनने के लिए साधुवाद दिया। सेक्रेटरी तनुश्री अग्रवाल ने कार्निवल को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। चेयरपर्सन वंशिका अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजन सफलता से संपन्न हुआ।

### फूलों की होली खेलते हुए निभाई परंपरा और परोसे व्यंजन



सामाजिक संस्था सांस्कृतिक विवेकानंद उत्कर्ष परिषद ने आम बगीचा, सुंदर नगर में होली मिलन का आयोजन किया। इसमें संस्था के सदस्यों ने फूलों की होली खेलते हुए छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ उठाया। अध्यक्ष दीप्ति दुबे की मौजूदगी में संस्था द्वारा इस वर्ष भी होली मिलन का आयोजन किया गया। इसमें नगाड़े के साथ फाग गीतों का आनंद मेंबर्स ने लिया। सभी ने मिलकर संस्कृति की पहचान को कायम रखने की पहल करते हुए प्री-सेलिब्रेशन का अवसर दिया। समिति के सदस्य पारंपरिक व्यंजनों में अरसा, सलोनी, करी लड्डू, नमकीन घरों से साथ लाकर आयोजन में शामिल हुए। इससे व्यंजनों की मिठास के साथ संस्कृति की झलक पेश की। वहीं महिला सदस्यों ने नगाड़ा बजाते हुए फाग गीतों की प्रस्तुति देते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर दीप्ति दुबे, मोना, नीलिमा, रजनी, प्रीति , पुनेश्वरी, पार्षद जयश्री नायक, पार्षद रेणु साहू, गायत्री चंद्राकर, राधिका राव प्रमुख रूप से शामिल हुईं।



**श्री श्याम महोत्सव की रही धूम, खेली फूलों की होली :** श्री श्याम महोत्सव का भव्य आयोजन सैफायर ग्रीन में किया गया। इस कड़ी में सुबह 10 बजे श्याम मेहंदी का आयोजन किया। वहीं शाम 6 बजे बाबा की निशान यात्रा निकाली गई। इसमे महिलाओं और पुरुषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ढोल-नगाड़ों के साथ सभी बाबा की निशान यात्रा में शामिल हुए। इसके बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें रायपुर, कोलकाता और रांची के कलाकारों द्वारा भजनों की श्रृंखला सजाई। राधाकृष्ण की जोड़ी ने फूलों की होली खेली महेश चौधरी ने बताया कि विगत 6 साल से श्याम महोत्सव का आयोजन सैफायर ग्रीन में किया जा रहा है।

### कॉलेस कैंपस को उत्सव और उल्लास से सराबोर किया



शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा होली उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ होली खेलते हुए एकता और सांस्कृतिक परंपरा का संदेश दिया। इसमें मुख्य रूप से महानगर मंत्री सुजल गुप्ता, आशीष सिन्हा, मन साहू, साइंस कॉलेज के अध्यक्ष निखिल बिसेन सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उत्सव का हिस्सा बने। सभी ने मिलकर होली के पावन पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहने का संदेश भी दिया। इससे पहले डीजे पर पारंपरिक होली गीतों पर झूमते हुए विद्यार्थियों ने गुलाल उड़ाते हुए प्री-होली सेलिब्रेशन को यादगार बनाते हुए कॉलेस कैंपस को उत्सव और उल्लास से सराबोर किया।

## खबर संक्षेप



### स्वच्छता सर्वेक्षण लीग की तैयारी तेज टूल किट की दी गई जानकारी

**रायपुर।** आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को सार्थक स्वरूप देने के लिए छत्तीसगढ़ स्वच्छता लीग की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में बिरगांव निगम कार्यालय में शुक्रवार को टूल किट संबंधी जानकारी देने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इसमें अधिकारियों और सभी कर्मचारियों ने भाग लिया। स्वच्छता सर्वेक्षण के 10वें संस्करण की तैयारी जमीनी स्तर तेज करने से पहले नई टूल किट जारी की गई।
इस बार का मुख्य फोकस ''बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ'' थीम, डेटा संचालित मूल्यांकन, लोगों की सहभागिता और गारबेज फ्री सिटी व ओडीएफ प्रमाण पर आधारित है। सर्वे में गलत जानकारी देने पर नेगेटिव मार्किंग होगी। बिरगांव निगम कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में आयुक्त युगल किशोर उर्वशा, हेल्थ ऑफिसर कमल नारायण जंघेल एवं जिला समन्वयक विकास कुमार जांगड़े द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण की टूलकिट की जानकारी जमीनी अधिकारियों और कर्मचारियों को दी गई। इसमें डीएल देवांगन, केवी सिंह, राजस्व अधिकारी दीपक दीवान सहित सभी विभाग प्रमुख के साथ उप अभियंता, स्वच्छता निरीक्षक, सफाई ठेकेदार, सफाई सुपरवाइजर एवं स्वच्छता दीदियां शामिल हुई।

### अनंत जन्मों से मनुष्य का लक्ष्य होता है ईश्वर की खोज



**रायपुर।** जब आप अपने आध्यात्मिक यात्रा के अंतिम पड़ाव में होते हैं, तब आपको क्रिया योग का पथ मिलता है। ईश्वर की खोज अनंत जन्मों से मनुष्य का लक्ष्य होती है। इस खोज की निरंतरता जब अपने अंतिम पड़ाव पर होती है, तब साधक के जीवन में क्रिया योग का प्रवेश होता है। योगदा सत्संग सोसायटी की ओर से आनंदम वर्ल्ड सिटी,कचना में तीन दिवसीय क्रिया योग ध्यान शिविर का आयोजन किया गया है। इस ध्यान शिविर के विशेष सत्र में शनिवार को योगदा सत्संग सेल्फ रियलाइजेशन सोसायटी से आए संन्यासियों ने यह बात कही। ध्यान शिविर के दूसरे दिन सुबह छह बजे सत्र की शुरुआत गुरु वंदना के साथ हुई। जगत जननी मां, भगवान कृष्ण, प्रभु ईसा मसीह, परम गुरु महावतार बाबाजी, लाहिड़ी महाशय, युक्तेश्वर बाबा, गुरुजी योगानंदम जी की वंदना के साथ ही ह्वांग सा और ओम तकनीक के बारे में बताया गया। स्वामी आद्यानंद महाराज ने बताया कि कैसे जीवन में आध्यात्म और व्यावहारिक जीवन में संतुलन होना चाहिए। उन्होंने गुरुजी श्री योगानंद की शिक्षाओं का उद्धरण देते हुए बताया कि क्रियायोग और ईश्वर के प्रति प्रेम हमें अपने आसपास के लोगों के करीब लाने वाला और प्रेमपूर्ण बनाता है न कि विरक्त। छोटे से छोटा सांसारिक काम करते हुए हमारे मन में यही भाव होना चाहिए कि हम यह भगवान और गुरु के लिए कर रहे हैं।

# होली में डीजे व नशे की हालत में वाहन चलाने पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

होली त्योहार के दौरान डीजे बजाने और नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। एडीएम उमाशंकर बंदे ने शनिवार को होली पर्व को लेकर कलेक्टोरेट परिसर स्थित टाउन हॉल में शांति समिति की बैठक ली। इस बैठक में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ विभिन्न समाज प्रमुखों के लोग भी मौजूद रहे।

इस बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि होली हो या फिर अन्य त्योहार, इसे शांति पूर्ण ढंग से मनाया जाए। त्योहार के दौरान कोई भी प्रतिबंधित डीजे बजाते या नशे में वाहन चलाते पकड़ा गया तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। एडीएम उमाशंकर बंदे ने बैठक में कहा कि आने वाले दिनों में होली का त्योहार है, और इस समय रमजान का महीना भी चल रहा है। उन्होंने बैठक में मौजूद सभी समाज प्रमुखों से अपील है कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में और भाईचारे के साथ त्यौहार मनाएं तथा प्रशासन के साथ समन्वय बनाए रखें। एडीएम ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है, जो जीवन में खुशियां और उल्लास भरता है। होलिका दहन के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर मुरूम डलवाई जा रही है। इसके लिए जोन आयुक्तों को निर्देशित किया गया है। सार्वजनिक स्थलों पर विद्युत व्यवस्था एवं साफ-सफाई सुनिश्चित की जाएगी तथा पर्याप्त पानी की व्यवस्था भी रहेगी।

## जिला और पुलिस प्रशासन ने शांति समिति की बैठक में दिए निर्देश

### अस्त्र-शस्त्र के प्रदर्शन पर प्रतिबंध, बाइक से पेट्रोलिंग

उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान अस्त्र-शस्त्र के प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध है। परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग रात्रि 10 बजे तक तथा धीमी ध्वनि में किया जा सकेगा। होलिका दहन समय पर तथा बिजली के तारों, टेलीफोन के खंभों के नीचे तथा डामर सड़कों पर नहीं किया जाएगा। इस पर निगरानी के लिए पुलिस के फिक्स पॉइंट बढ़ाए जाएंगे तथा बाइक से भी पेट्रोलिंग की जाएगी।




### नकाब पहनकर हुड़दंग करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

डीसीपी मयंक गुर्जर ने कहा कि नशे की हालत में उत्पात मचाने वालों तथा नकाब पहनकर हुड़दंग करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन करते हुए शांति पूर्वक त्योहार मनाने की अपील की। डीसीपी संदीप कुमार पटेल ने कहा कि सड़कों पर डीजे लगाना प्रतिबंधित है तथा यातायात किसी भी स्थिति में बाधित नहीं होना चाहिए। उन्होंने समाज प्रतिनिधियों से अपील कि किसी भी क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका हो तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें।





घटना आमानाका थाना क्षेत्र के सरोना ओवरब्रिज सिग्नल के पास

# ट्रैफिक सिग्नल पर अनियंत्रित ट्रेलर ने कई गाड़ियों को चपेट में लिया, एक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आमानाका थाना क्षेत्र में एक ट्रेलर चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार वाहन चलाते हुए कई गाड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। एक्सीडेंट करने के बाद ट्रेलर चालक ट्रेलर छोड़ कर मौके से फरार हो गया। घटना शनिवार देर शाम की है। ट्रेलर की चपेट में आने से एक ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए एम्स में भर्ती कराया गया है।

सरोना ओवरब्रिज स्थित एक मार्ट के सामने चौक पर रेड सिग्नल होने की वजह से गाड़ियां खड़ी थीं। इस बीच एक ट्रेलर जिसमें दो जेसीबी लोड था, तेजी से आया और रोड पर खड़ी आधा दर्जन से ज्यादा गाड़ियों को ठोकर मारते रुक गया। घटना के बाद अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। इसका फायदा उठाते हुए ट्रेलर चालक गाड़ी छोड़ कर मौके से फरार हो गया। ट्रेलर के पहिया के पास फंसे ई-रिक्शा और उसके चालक को मौके पर उपस्थित लोगों ने किसी तरह बाहर निकाला। मौके पर उपस्थित लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को देने के साथ डॉयल 112 को दी। डायल-112 की टीम घायल ई-रिक्शा चालक को उपचार के लिए एम्स लेकर गई। इस दौरान मौके पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। आरोपी ट्रेलर चालक की पुलिस पतासाजी करने में जुटी हुई है। बताया जा रहा है, लोड ज्यादा होने की वजह से ट्रेलर चालक अपने वाहन को कंट्रोल नहीं कर पाया।





# युवा कांग्रेस नेता सहित दो की कार में शरारती तत्वों ने लगाई आग

## घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया



- कांग्रेस नेताओं ने किया थाने का घेराव, सुपारी देकर कार में आग लगाने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डीडीनगर थाना क्षेत्र के महादेव घाट रोड स्थित युवा कांग्रेस नेता विनोद कश्यप तथा एक अन्य की कार में ज्वलनशील पदार्थ फेंक कर अज्ञात शरारती तत्वों ने आग लगा दी और मौके से फरार हो गए। घटना शुक्रवार-शनिवार दरमियानी रात की है। कार को आग लगाने के बाद दो बदमाशों के बाइक से फरार होने का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है। कार में आग लगाए जाने की घटना से नाराज कांग्रेस नेताओं ने थाने का घेराव कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

विनोद कश्यप ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है, उसके मुताबिक अज्ञात शरारती तत्वों ने घर के पास उनकी तथा एक अन्य की कार को आग के हवाले कर दिया। घटना का जो सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, उसमें शरारती तत्व आग लगाने के बाद किसी से मोबाइल में बात करते नजर आ रहे हैं। विनोद ने आरोप लगाया है कि किसी ने राजनीतिक द्वेष के कारण नुकसान पहुंचाने उसकी कार में आग लगाने की सुपारी दी है। शरारती तत्वों ने ब्रेजा तथा वेन्यू कार में आग लगाई है।

### आग की लपटें उठती देख फायर ब्रिगेड को कॉल

देर रात अचानक आग की लपटें उठती देख लोग घबरा गए। स्थानीय रहवासियों ने घर से बाहर निकल कर देखा, तो पाया, रोड में खड़ी कार धू-धू कर जल रही है। लोगों ने तत्काल घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड की टीम को दी। मौके पर जब तक फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची, कार आग में जलकर कबाड़ में तब्दील हो गई थी। घटना के विरोध में शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय और पूर्व महापौर प्रमोद दुबे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता थाने पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन किया।

# मेयर कप क्रिकेट स्पर्धा के पहले सेमीफाइनल में जोन 4 ने जीता मैच, जोन 7 को हराया

## प्रणय ठाकुर मैन ऑफ द मैच, रूपेश बेस्ट बॉलर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम के खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा रायपुर नगर निगम मेयर कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्पर्धा का पहला सेमीफाइनल शनिवार को जोन 4 और जोन 7 की टीम के बीच खेला गया। इसमें जोन 4 की टीम ने जोन 7 की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मैच में नगर निगम जोन 7 की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 सीमित ओवर मैच में 69 रन बनाकर आल आउट हो गयी। इसके जवाब में नगर निगम जोन 4 की टीम ने 70 रन बनाकर पहले सेमीफाइनल मैच में जीत हासिल की। इसी के साथ जोन 4 की टीम ने स्पर्धा के फइनल में प्रवेश किया। नगर निगम जोन 4 की टीम के प्रणय ठाकुर मैन ऑफ द मैच रहे, रुपेश गूढे बेस्ट बालर, झालेश साहू को बेस्ट बेट्समैन घोषित किया गया। उन्हें खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग अध्यक्ष नंदकुमार साहू ने ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, दीपक जायसवाल, भोलाराम साहू, अमर गिदवानी, संजना संतोष हियाल, जोन अध्यक्ष गज्जू साहू, मुरली शर्मा, अंबर अग्रवाल , पार्षद अजय साहू, आनंद अग्रवाल, अपर आयुक्त विनोद पांडे, उपायुक्त जसदेव सिंह बाबरा, जोन 4 के जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव सहित खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# राजिम हिंसा घटना में न्यायिक जांच की मांग

## आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने कहा- देश के संविधान पर हुआ है हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गरियाबंद जिले अंतर्गत राजिम के दुत्कैया गांव में मुस्लिम परिवारों पर जानलेवा हमला और घरों को आग लगाने की घटना को लेकर आम आदमी पार्टी ने कड़ी निंदा की है।

आप पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मानवाधिकार अधिवक्ता प्रियंका शुक्ला ने शनिवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि इस घटना की हकीकत जानने के लिए वह पीड़ित परिवारों के साथ मिली है। इन परिवारों ने बताया कि बजरंग दल के लोगों ने गांव के अन्य लोगों के साथ मिलकर गांव में रहने वाले 13 मुस्लिम परिवारों के घर घुसकर उन पर न केवल जानलेवा हमला किया, बल्कि घर में आग भी लगा दी। इस घटना में मुस्लिम परिवारों के सभी सदस्यों की हत्या हो जाती अगर समय रहते क्षेत्र की पुलिस अगर मौके पर पहुंचकर उनकी मदद नहीं करती। इस प्रेस वार्ता में पीड़ित परिवार के दो बच्चे भी मौजूद थे, जिन्होंने इस पूरी घटना की जानकारी मीडिया से साझा की।




प्रियंका शुक्ला ने बताया कि इस घटना को हुए 28 दिन बीत चुके हैं। इसके बाद भी जिन 13 मुस्लिम परिवारों पर कातिलाना हमला हुआ है, जिनमें एक मुस्लिम समाज के व्यक्ति और एक पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हुआ है। इसके बाद भी इस मामले को शासन, प्रशासन ने अपने संज्ञान में नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि यह घटना एक प्रकार से देश के संविधान पर हमला है, क्योंकि बजरंग दल सहित गांव के लोगों ने गांव में रहने वाले मुस्लिम परिवारों को गांव छोड़ने मजबूर करने के लिए न केवल उनका बहिष्कार किया था, बल्कि उनके गांव से निकलने पर भी बंदिश लगा दी थी। इसके बाद भी जब मुस्लिम परिवारों ने गांव नहीं छोड़ा तो उन पर हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि आप पार्टी मांग करती है कि इस मामले में अवविलंब पीड़ित परिवारों को रहने, खाने की व्यवस्था के साथ मुआवजा दिया जाए, ताकि वे जले हुए घर की मरम्मत करा सके। इस मामले में पार्टी ने हाईकोर्ट के किसी रिटायर्ड जस्टिस के नेतृत्व में न्यायिक जांच कराने की भी मांग की है। प्रेसवार्ता में राजदीप खनूजा, इमरान खान, विजय झा, अनुषा जोसेफ समेत राजिम हिंसा के पीड़ित पक्ष के लोग भी उपस्थित थे।

# सीनियर सिटीजन कार्ड बनाने का झांसा देकर बुजुर्ग से पांच लाख की ठगी

## घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कोतवाली थाना में एक बुजुर्ग ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ सीनियर सिटीजन कार्ड बनाने का झांसा देकर पांच लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अज्ञात जालसाज ने बुजुर्ग को एपीके फाइल भेज कर ठगी का शिकार बनाया है। ठगी का शिकार बुजुर्ग पेशे से कृषक है।



जालसाज ने बुजुर्ग को गुरुवार को कॉल कर ठगी का शिकार बनाया है। छोटापारा निवासी गुलाम खान ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। गुलाम ने पुलिस को बताया है कि उसके पास घटना दिनांक को अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपना परिचय सीनियर सिटीजन कोलकाता का हेड बताया। जालसाज ने बुजुर्ग को उनका सिटीजन कार्ड बनाने का झांसा देकर उनके वाट्सएप में एपीके फाइल भेजा। इसके बाद बुजुर्द को वीडियो कॉल कर बैंक अकाउंट की तस्दीक करने उसके बैंक का एटीएम कार्ड दिखाने के लिए कहा। एटीएम के दोनों तरफ के सिक्यूरिटी पिन हासिल कर जालसाज ने बुजुर्ग के अकाउंट से रकम आहरण कर लिया।

# वरिष्ठ पत्रकार गुलाल की पुस्तक 'अउ का कहिबे' का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ी निबंध संग्रह अउ का कहिबे का वरिष्ठ साहित्यकारों ने विमोचन किया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा रहे और अध्यक्षता डॉ. परदेशी राम वर्मा ने की। प्रारंभ में संयोजक डॉ. सुधीर शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। वैभव प्रकाशन और प्रेस क्लब रायपुर के संयोजन में यह समारोह हुआ। मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने कहा कि गुलाल वर्मा ने बहुत सामयिक निबंध छत्तीसगढ़ी में लिखा है। छत्तीसगढ़ी के मया इसमें शामिल है। भौतिक समृद्धि और स्वाभाविक सुख-समृद्धि में अंतर है। छत्तीसगढ़ वनौषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ल ने कहा कि आज लेखन भी प्रोफेशनल हो चुका है, परंतु गुलाल वर्मा ने छत्तीसगढ़ की परंपरा और संस्कृति के अनुसार लेखन किया है। समाज को दिखावे और आडंबर विहीन होने की आवश्यकता है। समारोह के अध्यक्ष डॉ. परदेशी राम वर्मा ने कहा कि लेखक के व्यक्तित्व की सरलता उसकी रचना में दिखाई देती है। छत्तीसगढ़ के विविध परिदृश्य इस कृति में संवाद करता दिखाई देता है। छत्तीसगढ़ के मनुष्य को जागृत होकर जीना होगा, तभी उसका समग्र विकास हो सकता है। विशिष्ट अतिथि लेखक बद्री प्रसाद पारकर ने कहा कि इस पुस्तक में छत्तीसगढ़ का लोक समाया हुआ है। विविध विषयों को शामिल करते हुए छत्तीसगढ़ी गद्य की मिठास है। लोक कहावतों का अच्छा इस्तेमाल किया गया है। प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी ने कहा कि साहित्य और पत्रकारिता का प्रारंभ से सेतुबंध है। प्रेस क्लब में सुव्यवस्थित ग्रंथालय की स्थापना की गई है और इसका विकास किया जा रहा है। पत्रकार, लेखक, शोधार्थियों को इसका लाभ मिलेगा। यह पुस्तक छत्तीसगढ़ी के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। लेखक गुलाल वर्मा ने अपने लेखकीय अनुभव बताए। अतिथियों का स्वागत विकास शर्मा, राजेंद्र निगम, रत्ना पांडेय, अरविंद मिश्रा, गौरव शर्मा ने किया। संचालन रंगकर्मी विजय मिश्रा अमित ने किया। प्रेस क्लब के महासचिव गौरव शर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्वराज करूण, परमानंद वर्मा, प्रशांत शर्मा, निकष परमार, बंधु राजेश्वर खरे, चंद्रशेखर चकोर, दीनदयाल साहू, शशांक खरे, नितीश वर्मा आदि शामिल रहे।

## नैतिक समृद्धि में सहायक होता है साहित्य : मिश्रा



हसदेव बचाव समिति के आलोक शुक्ला एवं अभिनेता पुष्पेंद्र सिंह का समर्थन

# माना-तूता जंगल बचाओ आंदोलन, पांचवे दिन नगाड़ों की गूंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

माना तूता जंगल बचाओ आंदोलन के पांचवे दिन नगाड़ों की गूंज के साथ प्रदर्शन जारी रहा। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे एवं रायपुर शहर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, कांग्रेस नेता पंकज शर्मा, प्रवीण साहू के संयुक्त आह्वान पर माना-तूता जंगल में चल रहे लगातार विरोध प्रदर्शन के तहत नगाड़ा बजाकर साय सरकार को जगाने का प्रयास किया गया।

तूता-माना के जंगल का पेड़ बचाने अरण्य बचाव के गोल्डमैन पर्यावरण पुरस्कार से सम्मानित आलोक शुक्ला तथा प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता पुष्पेंद्र सिंह परिहार ने विशेष रूप आंदोलन को समर्थन दिया। दोनों प्रमुख अतिथियों का आगमन आंदोलन के लिए एक बड़ी प्रेरणा साबित हुआ। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन दिया और कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। आलोक शुक्ला ने हसदेव आंदोलन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि ऐसी हरियाली का विनाश न सिर्फ स्थानीय जीवन को प्रभावित करेगा, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की पर्यावरणीय संतुलन को बिगाड़ देगा। पुष्पेंद्र सिंह परिहार ने सांस्कृतिक एवं सामाजिक स्तर पर अपील की कि फिल्म सिटी जैसे नाम पर प्रकृति का कत्ल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।





### कांग्रेस की प्रमुख मांग

माना-तूता में फिल्म सिटी के लिए पेड़ों की कटाई तत्काल रोकी जाए। परियोजना वैकल्पिक गैर-जंगली भूमि पर स्थानांतरित हो। पर्यावरण नियमों का सख्त अनुपालन और स्थानीय सहमति। सरकार माफी मांगे और दोषियों पर कार्रवाई करे। कांग्रेस ने जनता से अपील की है कि आलोक शुक्ला और पुष्पेंद्र सिंह परिहार जैसे योद्धाओं के समर्थन को देखते हुए एकजुट हो।

## खबर संक्षेप

### बीज उत्पादक किसानों की 200 रुपए प्रति क्विंटल भुगतान करने की मांग

**रायपुर।** बीज उत्पादक किसानों की 200 प्रति क्विंटल मंडी बोर्ड की राशि का भुगतान तत्काल करने और इस वर्ष का अग्रिम राशि का शेष भुगतान भी अतिशीघ्र करने की मांग पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने शासन की है। इस मौके पर श्री वर्मा ने कहा कि भाजपा किसानों की हितैषी बनने की ढोंग करती है, वास्तविकता उसके विपरीत है। जिस प्रकार लोक-लुभावने बातें भाजपा करती है, किसानों की आय दुगुनी करने की बात करती है, लेकिन किसानों को हतोत्साहित किया जाता है। पिछले साल के लगभग 7048 किसानों का 45-46 करोड़ का भुगतान 200 रुपए प्रति क्विंटल मण्डी बोर्ड का नहीं मिला है। बीज उत्पादक किसान संघ द्वारा लगातार मांग बीज निगम के एमडी से की जाती रही है, लेकिन आज तक पिछले साल की राशि अप्राप्त है। इस वर्ष का भी अग्रिम राशि का भुगतान नहीं हुआ है। किसान भुगतान के लिए दर-दर भटक रहे हैं।

### अवैध शराब बरामद 3 कोचिए गिरफ्तार

**रायपुर।** आबकारी विभाग ने दो प्रकरणों में अवैध शराब के साथ 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिले के तिल्दा थानांतर्गत मानपुर से टोहड़ा मार्ग पर आरोपी टिकेश्वर चेलक और वीरेंद्र कुमार ध्रुव को स्पलेंडर दोपहिया वाहन में 98 पाव देशी मसाला शराब ले जाते गिरफ्तार किया है। एक अन्य प्रकरण में बंजारी नाला ग्राम सरारीडीह से अश्वनी रात्रे के कब्जे से 46 पाव देशी मसाला शराब जब्त की है। विभाग ने इन दोनों मामले में आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2), 59(क)के तहत प्रकरण कायम किया है।

# 20 हजार वर्गफीट सरकारी कोटवारी जमीन पर 3 मंजिला अवैध निर्माण 10 दुकानें, पीछे हिस्से में 30 बड़े कमरे, निगम ने चलाया बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


**सुरक्षा के कड़े इंतजाम, उड़नदस्ता के साथ सभी जोन की गाड़ियां मौके पर रहीं मौजूद**

नगर निगम जोन 10 के लालपुर इलाके में मौसम कार्यालय के पास 20 हजार वर्गफीट शासकीय कोटवारी भूमि पर कब्जा कर अवैध तरीके से 9 से 10 निजी दुकानों के साथ बहुमंजिली बिल्डिंग बना ली गई थी, जिसमें भवन के ऊपरी हिस्से में पेइंग गेस्ट भी चलाया जा रहा था। जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर निगम की टीम ने अवैध निर्माण को सीमांकन कर पुलिस प्रशासन के सहयोग से तोड़ने की बड़ी कार्रवाई की।

इस दौरान बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण वाले हिस्से को तोड़ने अमला सुबह से लेकर देर शाम तक डटा रहा। अतिक्रमण हटाओ की यह कार्रवाई रविवार को भी इसी भवन के बाकी हिस्से में की जाएगी। शिकायतों के बाद नगर निगम ने जांच कर निर्माण को अवैध पाया और शनिवार को कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के दौरान नगर निगम के सभी दस जोन की गाड़ियां मौके पर मौजूद रहीं। वहीं निगम के तोडूदस्ता के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी स्पॉट पर मौजूद रहे।

दरअसल, लालपुर इलाके में 20 हजार वर्गफीट शासकीय कोटवारी जमीन पर अवैध कब्जा कर तिमंजिली बिल्डिंग बना ली गई थी, जिसमें सामने के हिस्से में 9 से 10 निजी दुकानें किराये पर दी गई थीं, साथ ही पीछे वाले हिस्से में 30 बड़े कमरे नियम विपरीत बनाए गए थे। स्थल पर सीमांकन करवाने के बाद इसे पूरी तरह ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई।





### तोड़फोड़ के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद

लालपुर इलाके में शासकीय भूमि पर अवैध तरीके से बनाई गई बिल्डिंग से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। दुकानों और पीजी में रहने वालों को पहले ही नोटिस देकर हटने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद बुलडोजर से अवैध हिस्सों को तोड़ा गया। ऊपरी हिस्से में पीजी भी चलाया जा रहा था, वहीं सामने वाले हिस्से में 9 से 10 निजी दुकानें संचालित हो रही थीं। जिला प्रशासन के निर्देश पर एसडीएम और नगर निवेश के आला अधिकारी की मौजूदगी में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई। महापौर मीनल चौबे ने कहा है कि शनिवार को व्यापक अवैध निर्माण तोड़ो अभियान राजधानी रायपुर में अवैध निर्माण करने वालों के लिए एक कड़ी नियम अनुकूल चेतावनी है। जहां भी अवैध होना पाया जाएगा, वहां शासन के नियम के तहत अवैध निर्माण तोड़ने कड़ा कदम उठाया जाएगा।

### 6 जेसीबी, 2 पोकलेन, 10 डंपर, कंक्रीट ब्रेकर मशीन, 3 चेन माउंटेन मशीन गरजीं

शनिवार को महापौर मीनल चौबे, पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला, जिला कलेक्टर गौरव कुमार के आदेश और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर एसडीएम नंदकुमार चौबे के मार्गदर्शन में नगर निवेशक आभाष मिश्रा, जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे, तहसीलदार राममूर्ति दीवान, नायब तहसीलदार ज्योति सिंह, कार्यपालन अभियंता आशीष शुक्ला, आशुतोष सिंह की मौजूदगी में शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाने नगर निगम उड़नदस्ता सहित 6 जेसीबी मशीन, 2 पोकलेन मशीन, कंक्रीट ब्रेकर मशीन, 3 चेन माउंटेन की गाड़ियां, काउकेचर की गाड़ी और टाटा 407 वाहन की मदद से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। निगम मुख्यालय उड़नदस्ता की टीम ने तोड़फोड़ से पहले पूरे भवन को खाली कराया और वहां के सामान को सुरक्षित जगह शिफ्टिंग में मदद भी की। यह अभियान सुबह 9 से शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे ने बताया, जिला प्रशासन के निर्देश पर कोटवारी जमीन से अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई रविवार की सुबह भी जारी रहेगी। कुछ लोगों ने नगर निगम और जिला प्रशासन की इस कार्रवाई को सही बताया, वहीं प्रभावित लोगों ने प्रशासन से वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की।

# शासकीय भूमि का सीमांकन कराने गए पार्षद पति तथा एक अन्य की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- **विधानसभा पुलिस ने मारपीट करने वाले तथा उसके साथियों के खिलाफ अपराध दर्ज**

विधानसभा थाना में एक पार्षद पति ने एक डेयरी संचालक के खिलाफ शासकीय जमीन सीमांकन कराने के विवाद पर मारपीट करने की थाने में शिकायत दर्ज कराई है। घटना शनिवार दोपहर 12.30 बजे की है। पार्षद पति की शिकायत पर पुलिस ने डेयरी संचालक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर दिया है।

वार्ड क्रमांक आठ के पार्षद सावित्री धीवर के पति भारत धीवर जो पार्षद प्रतिनिधि हैं, ने चंद्रशेखर यादव के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। रामचंद्र ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को वो अपने साथी बंटी शरद पाण्डेय के साथ शासकीय भूमि का सीमांकन कराने के पूर्व देखने गया था कि जमीन सूखी है कि नहीं। भारत ने पाया कि शासकीय भूमि पर चंदन डेयरी के संचालक चंद्रशेखर ने अवैध रूप से कब्जा किया है। भारत ने आरोप लगाया है कि समझाइश देने पर चंद्रशेखर ने अपने साथियों के साथ उनके साथ मारपीट कर लोहे के पाइप से सिर पर वार कर जान से मारने की धमकी दी।

# देश के व्यापार को मिलेगा वैश्विक मंच, भारतीय व्यापार महोत्सव में स्वदेशी से वैश्विक बाजार तक होगी गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**व्यापार महोत्सव के आयोजन को लेकर नई दिल्ली में बोर्ड की हुई बैठक**



नई दिल्ली में भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें छत्तीसगढ़ से कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी शामिल हुए। श्री पारवानी ने बताया कि देश के व्यापारिक इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ने जा रहे भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 के आयोजन को लेकर इसके बोर्ड की बैठक दिल्ली में हुई।

बैठक में महोत्सव की व्यापक रूपरेखा, राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय सहभागिता तथा स्वदेशी उत्पादों और एमएसआई सेक्टर को मजबूत बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। भारतीय व्यापार महोत्सव से देश के व्यापार को वैश्विक मंच मिलेगा, स्वदेशी से वैश्विक बाजार तक इसकी गूंज होगी। बैठक में कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया, राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल एवं राष्ट्रीय चेयरमैन बृजमोहन अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह भव्य महोत्सव कंफेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है, जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विज़न से प्रेरित है। बैठक में बताया गया कि यह आयोजन मेड इन इंडिया, मेड फॉर इंडिया और मेक फॉर वर्ल्ड की भावना को साकार करने वाला देश का सबसे बड़ा व्यापारिक एक्सपो होगा।

बैठक में छत्तीसगढ़ से अमर पारवानी, राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन, कैट की उपस्थिति रही। उन्होंने कहा कि भारतीय व्यापार महोत्सव देश के व्यापारियों, उद्योगपतियों, स्टार्टअप्स और युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा तथा राज्यों के स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। बोर्ड को अवगत कराया गया कि भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 का आयोजन 1 से 4 मई 2026 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में किया जाएगा।







## खबर संक्षेप

### बहनाकाड़ी के दल ने नगालैंड में पंथी नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी



**मंदिर हसौद।** दक्षिण मध्य क्षेत्र संस्कृतिक केन्द्र नागपुर के सहयोग से दीमापुर नागालैंड में आयोजित मध्य दक्षिण फेस्टिवल 2026 में बहना काड़ी की जागृति पंथी लोक नृत्य दल ने 26,27,फरवरी को अपना पंथी नृत्य प्रस्तुत किया। जिसे सभी अतिथियों और कलाकारों ने पंथी नृत्य प्रस्तुति की खुब प्रशंसा किया और जागृति पंथी लोक नृत्य दल के अध्यक्ष उत्तम देव हरे को उत्तर पूर्व क्षेत्र संस्कृतिक केंद्र दीमापुर के डायरेक्टर ने सम्मानित किया ।इस अवसर पर दक्षिण मध्य क्षेत्र संस्कृति केंद्र नागपुर के डायरेक्टर एवं अधिकारी उपस्थित थे। दक्षिण मध्य क्षेत्र संस्कृति केंद्र नागपुर में 80 कलाकारों में तेलंगना कर्नाटक मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र के कलाकारों ने अपने-अपने राज्य की कला संस्कृति को प्रस्तुत किया वही जागृति पंथी दल के कलाकारों हितेश देवहरे नरेश सुरेंद्र भारती विशाल टोडर जोगेंद्र डहरिया योगेश शेखर रणबीर योगेश कुर्रे व अन्य सदस्यों ने प्रस्तुति दिए।

### बच्चों ने प्राकृतिक होली के लिए बनाएं हर्बल रंग और गुलाल

**आरंग।** पीएम श्री अरुंधति देवी उत्कृष्ट स्कूल में ऑर्गेनिक होली के अवसर पर प्राकृतिक रंग तैयार किए गए। इस अवसर पर एसएमडीसी अध्यक्ष खिलेश धुरंधर ने होली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हानिकारक केमिकल से बने रंग त्वचा, बालों और पर्यावरण के लिए सुरक्षित (इको-फ्रेंडली) नहीं होते हैं। ये रंग बायोडिग्रेडेबल नहीं होते, जिससे त्वचा में जलन और एलर्जी की समस्या हो सकती है। अतः ऑर्गेनिक रंगों के उपयोग से होली को स्वास्थ्यवर्धक एवं सुरक्षित उत्सव बनाया जा सकता है। प्राचार्य संध्यारानी बारीक ने भी होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऑर्गेनिक या प्राकृतिक होली फूलों, जड़ी-बूटियों और रसोई में उपयोग होने वाली सामग्री (हल्दी, बेसन आदि) से बने रंगों के माध्यम से मनाई जाती है, जो पूरी तरह सुरक्षित हैं और हमारी परंपरा का अभिन्न हिस्सा भी हैं। कार्यक्रम का निर्देशन व्याख्याता (जीव विज्ञान) गुंजा द्वारा किया गया। वहीं व्याख्याता रसायन शास्त्र तरन्नुम अख्तर एवं व्याख्याता हिंदी अमिया केरकेट्टा ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर हुई पोस्टर स्पर्धा

**कूंरा।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुंरा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर पोस्ट्स मेकिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था की प्राचार्य सुजाता बहल ने बताया कि 28 फरवरी 1928 को भारतीय भौतिक विज्ञानी सर सी वी रमन ने रमन प्रभाव की खोज की थी, जिसके लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसलिए इस दिन को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। विद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य छात्रों को 21वी सदी के विद्यार्थी के रूप में तैयार करने के साथ विज्ञान के प्रति आकर्षित करना और उनकी रुचि बढ़ाना।

# शहर में प्रतिदिन ट्रैफिक जाम की नौबत से बढ़ी परेशानी पर समाधान की पहल आज तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

छत्तीसगढ़ के तेजी से बढ़ते शहरों में से एक तिल्दा नेवरा शामिल है.राजधानी रायपुर जिले का ये शहर चावल नगरी के नाम से जाना जाता है लेकिन तिल्दा इलाका अब औद्योग कारोबार का हब बन चूका है । शहर व आसपास की आबादी भी तेजी के साथ बढ़ी है । बीते डेढ दशक में जिस हिसाब से शहर बढ़ा है उस हिसाब से सुविधाओ में जरा सा भी इजाफा नही हुआ है। यहां रोजाना लगने वाले जाम से लोग बेहद -परेशान हैं। आवासीय और व्यावसायिक संस्थानें खुली हैं उस अनुपात में न तो सड़कों का जाल बिछा है, न ही बाइपास और फ्लाई ओवरों का निर्माण हो सका है। पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के साथ-साथ सड़कों पर अतिक्रमण, बिजली के खंभों का व्यवस्थित नहीं होने के कारण शहर जाम से कराह रहा है। शहर से एक किलोमीटर दूर तक पहुंचने के लिए आधा घंटा लग जाता है । जबकि इतने समय में लोग 20 से 25 किलोमीटर का सफर तय कर लेते हैं । जाम का असर शहर के आम लोगों,और कारोबार के साथ बीमारी और मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है।

## तिल्दा इलाका औद्योगिक हब बन चुका है पर सड़कों की हालत नहीं सुधरी

### जाम मुक्ति के लिए लंबी अवधि की योजना जरूरी

स्थानीय निवासी भाजपा नेता दीपक शर्मा कहते हैं कि /"तिल्दा नेवरा शहर में रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है. जाम से निपटने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस पदाधिकारी, नगर पालिका सहित अन्य एजेंसियों को संयुक्त पहल करना होगा. जाम से निपटने के लिए तात्कालिक और लंबी अवधि की योजना जरूरी है./"जाम से भ्चने का एक हि विकल्प है बायपास सड़क का होना ,यह मांग दो दशको से लम्बित है।



### बायपास रोड जरूरी

मोबाईल शाप के संचालक आयुष कोटवानी का कहना कि /"शहर में भीड़-भाड़ से निजात दिलाने के लिए रिंग रोड,अंडरपास आदि का निर्माण करना होगा. उन्होंने कहा खूबचंद बघेल चौक पर हमेश जाम की स्थिति बनी रहती है बावजूद वहा रलवे ओवर ब्रिज बनया जाना प्रस्तावित है ,यदि ओवर ब्रिज बनेगी तो लोगो का रस्ते से चलना दूभर हो जाएगा।

### भीड़भाड़ वाले इलाके में पार्किंग बने:

दुर्गेश नशीने का कहना हैं कि /"जाम से निपटने के लिए सबसे पहली जरूरत पार्किंग व्यवस्था को चाक-चौबंद किया जाए. आवश्यकता के अनुसार पार्किंग,की व्यवस्था होनी चाहिए मार्केटिंग कॉम्पलेक्स व भीड़-भाड़ वाले भवनों में पार्किंग की अनिवार्य करना होगा. गलत पार्किंग करने वालों को फाइन भी लगे।

### जाम से विकास होता है प्रभावित

दुर्गेश न्शिने ने कहा स्मूथ ट्रैफिक सबों की जरूरत है. चाहे कोई शहर का आम नागरिक हो या कोई नौकरी करने बाहर से आया हो. यही नहीं पर्यटन और उद्योग जगत के लिए जाम मुक्त सड़कें जरूरी है. जाम के कारण व्यापार में लागत बढ़ता है और सप्लाई चेन प्रभावित होता है।

### अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी

नगर पालिका **CMO** ने बताया कि हाल में कई जगहों से सडको से अतिक्रमण हटाया गया है. स्टेशन चौक से लेकर शहर की सरहद तक की दुकानों को सामान बाहर नही रखने की हिदायतके साथ चेतावनी दी गई है,उसके बाद मार्केट में कुछ दुकानदारों के द्वारा सड़को पर सामान रखे जा रहे है,ऐसे में सामान जब्त किए जाने की कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री साय वृहद किसान सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से किसानों से जुड़े

# खेती-किसानी को संबल, करोड़ों रूपए की अंतर राशि किसानों के खाते में अंतरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत आदान सहायता राशि वितरण समारोह एवं वृहद किसान सम्मेलन का आयोजन अभनपुर स्थित अलका आशुतोष अग्रवाल भवन में किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअल माध्यम से जुडक़र किसानो का उत्साहवर्धन किया। अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 27 विभाजन केंद्रों के माध्यम से 31,775 किसानों द्वारा 15 लाख 14 हजार 603 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। इसके एवज में लगभग 110 करोड़ 50 लाख 20 हजार रुपये की राशि किसानों के खातों में अंतरित की गई है। प्रदेश भर में 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की आदान सहायता राशि किसानों को प्रदान की गई, वहीं 10,324 करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में ट्रांसफर किए गए।

इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा होली के पावन अवसर पर किसानों के खातों में एकमुश्त राशि पहुंची है। विष्णुदेव साय की सरकार ने वादा किया था कि बकाया राशि एकमुश्त दी जाएगी और सरकार ने अपना वादा निभाया है। प्रदेश की भाजपा सरकार किसान हित में पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है। दो वर्षों में 95 प्रतिशत से अधिक वादे पूरे किए गए हैं। किसानों, मजदूरों और भूमिहीन भाइयों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। बिना ब्याज के ऋण वितरण, समर्थन मूल्य भुगतान और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाया जा रहा है।



### धान की अंतर राशि खातों में जमा होली से पहले किसानों की होली

**धरसींवा/सिलयारी ।** छग की विष्णु देव साय सरकार ने होली के पावन पर्व से ठीक पहले प्रदेश के अन्नदाताओं की झोली खुशियों से भर दी है। 'कृषक उन्नति योजना' के अंतर्गत राज्य के 25 लाख 28 हजार किसानों के बैंक खातों में धान खरीदी की अंतर राशि (बोनस) के रूप में 10,324 करोड़ की विशाल धनराशि का एकमुश्त भुगतान किया गया है। इस ऐतिहासिक पहल का मुख्य जिला स्तरीय उत्सव धरसींवा विधानसभा के जोरा स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में 'आदान सहायता राशि वितरण समारोह' एवं 'वृहद किसान सम्मेलन' के रूप में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ने वर्चुअली बटन दबाकर यह राशि सीधे किसानों के खातों में अंतरित की। इस भव्य गरिमामयी



कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

हजारों किसानों के जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक अनुज शर्मा ने जोश भरे अंदाज में कहा, /"आज का दिन छत्तीसगढ़ के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा। हमने चुनाव के समय मोदी की गारंटी के रूप में जो वादा प्रदेश के अन्नदाताओं से किया था, उसे आज पूरी पारदर्शिता के साथ निभा दिया गया है।

### होली से पहले किसानों को मिली करोड़ों सौगात

**कूंरा।** शनिवार को धरसीवां विधानसभा के जोरा स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में 'कृषक उन्नति योजना' के अंतर्गत 'आदान सहायता राशि वितरण समारोह' एवं 'वृहद किसान सम्मेलन' का भव्य आयोजन किया गया। इस गौरवशाली कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने एक बटन दबाकर प्रदेश के 25 लाख 28 हजार किसानों के खातों में 10,324 करोड़ की राशि वर्चुअली ट्रांसफर की। यह राशि धान खरीदी की अंतर राशि (बोनस) के रूप में दी गई है, जो सरकार के किसानों से किए गए वादे को पूरा करने की दिशा में बड़ा कदम है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के अन्नदाताओं के लिए ऐतिहासिक है। होली के त्यौहार से पहले यह बड़ी राशि सीधे किसानों के खाते में पहुँचने से किसानो की भी होली रंगों से भर गई। यह राशि केवल एक संख्या नहीं, बल्कि हमारे किसानों के पसीने का सम्मान है। त्योहार के मौके पर बोनस राशि मिलने से किसान भाई आर्थिक जरूरतो को पूरा कर सकेंगे व आगामी खरीफ फसल के तैयारियों के लिए भी मदद मिलेगी । इस सम्मेलन में धरसीवां सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में किसान उपस्थित हुए। तकनीकी सत्रों के साथ-साथ किसानों को कृषि की आधुनिक पद्धतियों की जानकारी भी दी गई।

## शांति समिति की बैठक ला एंड पर की चर्चा



**अभनपुर।** थाना परिसर अभनपुर मे होली पर्व को सौहार्द एवं शांतिपूर्वक मनाने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमे नगर पुलिस अधीक्षक नवा रायपुर तुलसीलेकाम,तहसीलदार सीता शुक्ला,थाना प्रभारी सत्येद्र श्याम की उपस्थिती मे अभनपुर थाना क्षेत्र के प्रमुख गणमान्य नागरिक सरपंच व स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारियो ने कहा कि होली रंगो और भाईचारे का पर्व है। किसी भी प्रकार की अफवाहो पर ध्यान न दे और क ही भी असामाजिक तत्व द्वारा माहौल बिगाडऩे की कोशिश की जाती है तो इसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दे। इस अवसर होली पर्व को शांतिपूर्ण ढग़ से संपन्न हो जनप्रतिनिधियो से सुझाव मांगे गये तथा इस पर्व को पारंपरिक गरिमा,आपसी भाईचारे शांतिपूर्ण ढग़ से मानने का संकल्प लिया गया। इस मौके मे पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे,उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी,सतनामी समाज अध्यक्ष राधाकृष्ण टंडन,सरपंच संघ अध्यक्ष मुकेश ढीढी,पार्षद नीलकमल गिलहरे, डोमेन्द्र साहू,आसकरण गिलहरे,पार्षद प्रतिनिधि योगेश राठी,पार्थ वैष्णव,सरपंच शशि प्रकाश साहू,प्रेमनारायण साहू,मुन्ना बांधे,भूपेन्द्र नेताम विभिन्न ग्राम पंचायतो के सरपंच,ग्राम पटेल,समाज प्रमुख व पत्रकार उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कबाड़ से जुगाड़ प्रदर्शनी में छात्रों की दिखी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा नेवरा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर तिल्दा के रुरूहाराम वर्मा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 में संकुल स्तरीय "कबाड़ से जुगाड़" टीएलएम एवं विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया , पार्षद श्रीमती रानी सौरभ जैन के मुख्य आतिथितय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्षद श्री मति किरण बाला छाबड़िया ने की जबकि भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सौरभ जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

इस अवसर पर आयोजित कबाड़ से जुगाड़ प्रदर्शनी में नागरिकों ने अद्भुत कलाकृतियां देखीं। विज्ञान से जुडी इन कलाकृतियों में सुंदरता भी थी और संदेश भी था। सभी कलाकृतियां ऐसी चीजों से बनाई गई थीं जो घर के किसी कोने में पड़ी होती हैं और इनकी वजह से घर का वो कोना बदसूरत हो जाता है। इन कबाड़ की चीजों को इस तरह संयोजित किया गया कि इनमें गहन कला नजर आनी लगी। इस विज्ञान मेला का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना था।

इस मेले में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिक्षकों द्वारा विभिन्न विषयों से संबंधित आकर्षक एवं उपयोगी टीएलएम तैयार किए गए, जिनमें गणित, विज्ञान, पर्यावरण एवं भाषा विषयों की अवधारणाओं को सरल और



रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया। "कबाड़ से जुगाड़" की थीम के तहत बेकार वस्तुओं से उपयोगी शिक्षण सामग्री तैयार कर यह संदेश दिया गया कि संसाधनों की कमी नवाचार में बाधा नहीं बनती। इस मुके पर विद्यार्थियों ने विज्ञान से संबंधित अनेक मॉडल प्रस्तुत किए। इनमें सौर ऊर्जा से चलने वाले उपकरण, जल संरक्षण मॉडल, पर्यावरण संतुलन, मानव शरीर की संरचना, पवन ऊर्जा, वर्षा जल संचयन और स्वच्छता से जुड़े प्रोजेक्ट प्रमुख रहे। छात्रों ने अपने-अपने मॉडलों की कार्यप्रणाली को आत्मविश्वास के साथ समझाया, जिसे उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों ने सराहा। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की वैज्ञानिक समझ और प्रस्तुतीकरण कौशल देखने लायक था। विद्यालय की कर्मचारी तुलसी दीदी द्वारा कबाड़ सामग्री का उपयोग कर बनाए गए सुंदर सजावटी झूमर प्रदर्शनी का विशेष आकर्षण रहा।

कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थितसंकुल प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार चंदानी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केसदा के प्राचार्य विनोद वर्मा, वरिष्ठ व्याख्याता टी.पी. वर्मा, ने विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि विज्ञान मेला जैसे आयोजन बच्चों में जिज्ञासा, तर्कशीलता और प्रयोगधर्मिता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

### विज्ञान को किताब तक सीमित न रखें

इस अवसर पर रानी सौरभ जैन ने अपने संबोधन में कहा कि विज्ञान केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं है, उन्होंने कहा विज्ञान के बिना विकास की राह में तीव्रता से आगे नहीं बढ़ा जा सकता है,विज्ञान से गलत धारणा और अंधविश्वासों (अन्धविश्वासों) का विनाश होता है।विज्ञान हमारे दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे आयोजन बच्चों को नई सोच और नवाचार की दिशा में प्रेरित करते हैं। अध्यक्षता कर रही श्रीमति किरन बाला छाबड़िया ने भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि भविष्य विज्ञान और तकनीक का है, इसलिए बच्चों को अभी से प्रयोग और खोज की आदत विकसित करनी चाहिए विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सौरभ जैन ने बच्चों के के लिए चित्र देख कर मुहावरा पहचानिए या अर्थ बताइए जैसे विभिन्न खेलो का आयोजन किया जिसकी सहराना की गई ,कार्यक्रम को पार्षद किरण बाला छाबड़िया,ने भी सबोधित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित सफल आयोजन की बधाई दी। ..

## पेज 3 के शेष...

### माना-तूता में पहले ....

पेड़ काटने की अनुमति ली गई है।
इसका निर्माण दो वर्षो में पूरा किया जाना है। अतः फरवरी के अंतिम सप्ताह में निर्माण के लिए पास ले आऊट के अनुरूप कॉलम के लिए जमीन की खुदाई शुरू हुई। यहां पर पुराने पेड़ों का जंगल मौजूद है। 100 एकड़ जमीन के क्षेत्र में लगभग 4000 पेड़ हैं। इस पेड़ों में शीशम से लेकर अन्य प्रजाति के पेड़ हैं। निर्माण स्थल पर किनारे और सामने की ओर खाली जगह भी है। ले आउट के अनुरूप निर्माण के लिए प्रारंभ में करीब 250 पेड़ों को काटने की अनुमति जिला प्रशासन के माध्मम से वन विभाग से मांगी गई। बाद में यह संख्या बढ़कर 1500 पेड़ों की हो गई। पहले चरण में इतने पेड़ों की कटाई होनी है। दूसरे चरण में यहां के और पेड़ काटे जाने की संभावना है।

**150 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत**-राज्य में फिल्म टूरिज्म की व्यापक संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की कैपिटल इन्वेस्टमेंट के लिए राज्यों को विशेष सहायता, ग्लोबल स्तर के आइकॉनिक पर्यटन केंद्रों का विकास योजना के अंतर्गत इन दोनों परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। चित्रोत्पला फिल्म सिटी के निर्माण के लिए 95.79 करोड़ रुपये तथा ट्राइबल एंड कल्चरल कन्वेंशन सेंटर के निर्माण के लिए 52.03 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इन दोनों परियोजनाओं का निर्माण पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल के अंतर्गत किया जाएगा। निजी क्षेत्र से लगभग 300 करोड़ रुपये के निवेश की भी संभावना है। परियोजनाओं को दो वर्षों की समयावधि में पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। चित्रोत्पला फिल्म सिटी एवं ट्राइबल एंड कल्चरल कन्वेंशन सेंटर लगभग 100 एकड़ क्षेत्र में विकसित किए जाएंगे।

### ग्रामीण और अन्य ....

की निगरानी के लिए समिति बनाई गई है, जो गतिविधियों पर नजर रखेगी। पेड़ों के कटने की घटना के बाद ग्रीन नोबेल से सम्मानित आलोक शुक्ला, हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति के प्रमुख सदस्य एवं छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन के संयोजक तथा प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता पुष्पेंद्र सिंह परिहार ने शामिल होकर समर्थन दिया।

### विरोध के बाद .....

चिन्हित की गई, उसके पास ही खाली जमीन पर पेड़ लागने का प्लान बनाया गया है। हालांकि जानकार कह रहे हैं कि मुरम जमीन में लगे पेड़ों को शिफ्ट करना कठिन होता है। वहीं पहले से ही काफी पेड़ काटे जा चुके हैं।

### एक ही रात ....

ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देश पर होली के पांच दिन पूर्व ही नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस सख्ती बरतने लगी। यही कारण है कि रायपुर में पहली बार 154 नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस कमिश्नर के अनुसार नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

### अब पकड़े गए ....

हो पाएगा। दूसरे दिन मंगलवार को वकीलों का होली मिलन समारोह है। इस वजह से उस दिन कोर्ट का काम प्रभावित रहेगा। बुधवार को कोर्ट में होली का अवकाश है। ऐसे में ड्रंक एंड ड्राइव में जो कार्रवाई होगी, उनकी गाड़ी बुधवार के बाद ही कोर्ट खुलने पर छूटेगी।

### स्कूटी की डिक्की से 75 ....

की दोपहिया की डिक्की की जांच की, तो उसके अंदर एक थैले में से रकम मिली। पुलिस ने मिलन से रकम का वैध दस्तावेज पेश करने के लिए कहा, तो वह मौके पर कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाया और पुलिस को गोलमोल जबाव देने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने वह रकम जब्त कर ली है।

**इनपुट के आधार पर पुलिस ने जांच की**-बताया जा रहा है, पुलिस को मुखबिर के माध्यम से पहले ही हवाला की रकम एक जगह से दूसरी जगह ले जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने आमापारा बाजार से लेकर अग्रसेन चौक, समता कालोनी मार्ग में गाड़ियों की जांच की, तो मिलन की गाड़ी में नोटों का बंडल मिला। एडीसीपी राहुल शर्मा के अनुसार मिलन मूलतः राजस्थान का रहने वाला है, वह रायपुर में पिछले पांच वर्षों से कलेक्शन एजेंट का काम कर रहा है। प्रारंभिक पूछताछ में उसने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को वह अलग-अलग ठिकाने से पैसा कलेक्ट कर ले जा रहा था।

### होली पर शान्ति व्यवस्था के लिए ग्रामीणों ने सौंपा पुलिस को ज्ञापन

**आरंग।** आसन्न होली पर्व पर ग्रामों में अमन-चैन बनाये रखने आसपास के 30-32 ग्रामों के सहयोग से लगभग 33 वर्षों पूर्व सफल शराब भट्टी विरोधी आंदोलन करने वाले आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम भानसोज व आंदोलन में सहभागी रहे ग्रामों के ग्रामीणों से रायशुमारी के बाद पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया है।

---

**आम सूचना**

एतद् सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार भूमि स्वामी श्रीमती ममता रात्रे पति द्वारिका रात्रे निवासी पुलिस लाइन बलौदाबाजार (छ.ग.) ने अपनी स्वामित्व एवं हक की कृषि भूमि जिसका खसरा नम्बर 611/44 रकबा 0.0140 हक्टेयर प.ह.न 00079, रा.नि. रायपुर- एक वाके मौजा ग्राम-बनरसी, तहसील-रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि को बेचने का आपसी सौदा श्रीमति माधवी पाल पति दीपंकर पाल निवासी ब्लाक नं. 7, माना केम्प, माना, रायपुर (छ.ग.) से कर लिया है। मात्र बैनामा पंजीयन किया जाना शेष है।

उपरोक्त खरीद-बिक्री में किसी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय अशासकीय, बैंक, बीमा आदि को किसी प्रकार की आपत्ती हो तो इस आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेज लिखित आपत्ती मेरे समक्ष नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधी के पश्चात किया गया आपत्ती शून्य माना जायेगा तथा मेरे पक्षकार पर बधंनकारी नहीं होगा तथा मेरा पक्षकार बैनामा पंजीयन हेतु स्वतंत्र होगा।
सो सूचना जाने तथा इस पर आवश्यक रूप से अमल करें।
स्थान- रायपुर (छग)
दिनांक-28.02.2026

**अभिजीत सिंह तोमर**
**(अधिवक्ता)**
**डी-4, अवनी विहार दलदल सिवनी, मोवा रायपुर (छ.ग.)**
**मो. नं.- 9826421250**

---

**उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु ::**
**(आदेश-5, नियम-20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)**

न्यायालयः-कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.
उत्तराधिकार प्र.क्र.- 03/2025 प्रो.क्र. 191/26
पेशी तारीख 17.04.2026
कानूचंद सर्कार ..........................................आवेदक
बनाम
सेंट्रल बैंक आफ इंडिया व अन्य ............अनावेदकगण
प्रति,
**आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो**

जो कि आवेदकगण के मृतक पति / पिता स्व॰ श्री सुभाष सर्कार के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में पेशी 17.04.2026 को दिन प्रातः 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है।

आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

अतः आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेंगा।
**नोटः-** यदि किसी कारणवश आगामी पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेंगा ।

यह आज तारीख 26.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
रायपुर छ.ग.
दिनांक 26.02.2026
(मुहर)

**कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा**
**षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश**
**वरिष्ठ श्रेणी रायपुर छ.ग.**

---

**आम सूचना**

सर्वसाधरण जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रामाधार पिता रामदुलार, राजेश पिता रामदुलार तोषण पिता रामदुलार निवासी ग्राम कोलर थाना व तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि पृथक पृथक खाते में ग्राम कोलर, प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. खोरपा तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में भूमि खसरा नं. 92/1, रकबा 0.430हे., ख.नं. 92/10 रकबा 0.866हे., ख.नं. 92/12 रकबा 0.866हे., खसरा नं. 92/13 रकबा 0.866हे. भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है ।

यह कि उक्त भूमि के मेरे उपरोक्त पक्षकारगणें के द्वारा किसी भी व्यक्ति संस्था या निकाय को बेचने का कोई सौदा या इकरारनामा निष्पादित नही किया गया है। किसी अन्य के द्वारा मेरे पक्षकार की उपरोक्त भूमि को अन्य के पास बेचने का प्रयास किया जा रहा है जो कि मेरे पक्षकारगण के उपर बंधनकारी नही होगा।
सो सूचना जाने।
दिनांक - 26/02/2026
स्थान -अभनपुर

**भवदीय**
**नागेन्द्र कुमार सिन्हा**
**अधिवक्ता**
**अभनपुर जिला रायपुर छ.ग.**
**मो.नं. 9893906809**

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-11 (टिकरापारा) तहसील व जिला रायपुर**
**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 25/02/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बेद कुमार साहू छगनलाल साहू, यशवंत साहू पि. जीवनलाल साहू वगै. द्वारा आवेदित ग्राम अमलीडीह प.ह.नं. 69 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-11 (टिकरापारा) स्थित भूमि खसरा नंबर 203/1 रकबा. 0.0910 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्र अ-12 वाचक / नायब तह. / वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 09/02/2026 के परिपालन में दिनांक 09/03/2026 को समय 12:00 बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक / समय तक पटवारी हल्का नंबर 69 के अमलीडीह स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।
अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-11 (टिकरापारा)**







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# न फसल खराब न उत्पादन प्रभावित, फिर भी बढ़ा दिए खाद्य तेल-राहर दाल के दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## राहर दाल सालभर से 100 से 110 रुपए किलो बिकी, अब दाम 130 से 140 रुपए

खाद्य तेलों के साथ ही एक बार फिर राहर दाल सहित अन्य दालें महंगी हो गई हैं। होली के ठीक पहले यह सब मुनाफाखोरी के कारण किया गया है। इस बार न तो फसल खराब हुई है और न ही उत्पादन प्रभावित है, फिर भी दाम बढ़ा दिए गए हैं। जो दाल कुछ समय पहले चिल्हर में 115 रुपए मिल रही थी, उसके दाम 140 रुपए हो गए हैं। चावल के दाम नई फसल आने के बाद पहले कम हो गए थे, लेकिन अब वापस इनकी कीमत ज्यादा हो गई है। तेलों के दाम भी दस रुपए तक बढ़ा दिए गए हैं। आमतौर पर त्योहारों के समय कारोबारी दाम बढ़ाने का खेल करते ही हैं।

लंबे समय से महंगाई थमने का नाम नहीं ले रहा है। कभी कोई सामान को कभी कोई सामान महंगा हो जाता है। वैसे खाद्य तेलों में लंबे समय से राहत थी, लेकिन अब इसके दाम भी बढ़ गए हैं। दाम बढ़ने का काम होली के ठीक पहले किया गया है। खाद्य तेलों में सबसे ज्यादा सोया तेल का उपयोग होता है। इसमें कीर्ति गोल्ड तेल की सबसे ज्यादा डिमांड रहती है। इसका उपयोग घरों के साथ छोटे से लेकर बड़े होटलों में होता है। इसके एक लीटर के दाम कुछ समय पहले थोक में 131 रुपए और चिल्हर में 135 रुपए चल रहे थे, लेकिन अब थोक में ही इसके दाम 137 रुपए हो गए हैं। ऐसे में चिल्हर में इसके दाम 145 से 150 रुपए हो गए हैं। कीर्ति गोल्ड का 15 किलो वाला टिन थोक में 2160 से 2300 रुपए हो गया है। यह चिल्हर में 2400 रुपए मिल रहा है। इसी के साथ सनफ्लावर का 15 किलो का टिन 2280 से 2360 रुपए हो गया है। यह चिल्हर में 25 सौ रुपए हो गया है। फल्ली तेल एक लीटर थोक में 160 का 170 हो गया है। यह चिल्हर में 180 रुपए बिक रहा है। हरेली एक लीटर थोक में 137 और चिल्हर में 145 रुपए हो गया है। हरेली 15 किलो का टिन जो पहले 2180 रुपए था, वह अब 2250 रुपए और चिल्हर में यह 2300 रुपए हो गया है। सरसों तेल लाल गुलाब थोक में 180 रुपए लीटर हो गया है। चिल्हर में 190 से 200 रुपए बिक रहा है।

### राहर दाल के दाम 25 रुपए बढ़े

राहर दाल के दाम बीते साल भर से बहुत कम थे। यह चिल्हर में 100 से 110 में मिल रही थी, लेकिन इसकी नई फसल आने के बाद इसके दाम बढ़ गए है। कारोबारियों भले यह कह रहे हैं कि इसकी फसल खराब होने के कारण फसल कम हुई है, लेकिन जानकारों का कहना है कि ऐसा कुछ नहीं है मुनाफाखोरी के कारण दाम बढ़ाए गए हैं। थोक में ही इसके दाम 125 से 130 रुपए और चिल्हर में 135 से 140 रुपए हो गए है। अन्य दालें भी दो से चार रुपए महंगी हुई हैं। चना दाल थोक में 75 रुपए, चिल्हर में 80 से 85 रुपए, मूंग दाल थोक में 100 से 110 और चिल्हर में 110 से 120 रुपए, उड़द दाल धुली थोक में 110 और चिल्हर में 120 रुपए, देशी चना थोक में 65 रुपए और चिल्हर में 70 से 75 रुपए, काबुली चना थोक में 100 से 105 और चिल्हर में 115 से 120 रुपए किलो बिक रहा है।



### चावल के दाम भी बढ़े

नई फसल आने के बाद चावल के दाम दो से पांच रुपए तक कम हो गए थे, लेकिन अब वापस इसके दाम बढ़ गए हैं। पतला चावल जो पहले 55 रुपए किलो हो गया था, वह वापस 60 रुपए किलो हो गया है। इसमें अलग-अलग ब्रांड के दाम अलग-अलग हैं। इसके दाम 60 से 100 रुपए तक हैं। मोटा चावल थोक में 32 से 35 और चिल्हर में 35 से 40 रुपए किलो हो गया है।

## खबर संक्षेप

### ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने सिंधी समाज ने दिया समर्थन

रायपुर। रायपुर में कानून-व्यवस्था और सुगम यातायात बनाए रखने के लिए पुलिस कमिश्नर ने एक आदेश जारी किया था। इस आदेश के मुताबिक, जयस्तंभ चौक पर किसी भी तरह का जुलूस या शोभायात्रा निकालने की अनुमति नहीं होगी। इस पूरे इलाके को किसी भी कार्यक्रम और प्रदर्शन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। रायपुर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने की दिशा में प्रशासन से कंधे से कंधा मिलाकर सिंधी समाज खड़ा है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी-पुलिस कमिश्नर के आग्रह पर जयस्तंभ चौक पर होने वाली अनियमितताओं से बचने, रायपुर के जनसामान्य को होने वाली अव्यवस्थाओं से बचने की दिशा में इस वर्ष शोभायात्रा शारदा चौक से लाखेनगर को रवाना हो जाएगी।

## निधन

### किशोर कुमार जंघेल

रायपुर। सुंदर विहार निवासी, विद्युत



विभाग से सेवानिवृत्त एक्जीक्यूटिव इंजीनयर किशोर कुमार जंघेल (62) का 26 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे डॉ. भावना राजपूत, हर्षा जंघेल के पिता तथा डॉ. सतीश राजपूत और अनंत शंकर नागूर दोम्मेटी के ससुर थे।

### शकुंतला टंडन

रायपुर। न्यू शांति नगर निवासी



शकुंतला टंडन का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 1 मार्च को सुबह 11 बजे न्यू शांति नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. रमेश टंडन की धर्मपत्नी एवं रवि व राजेंद्र टंडन की माता थीं।

## पेमेंट गेटवे से सट्टा संचालित करने का देश में पहला मामला

# पेमेंट गेटवे से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा गोवा तथा रायपुर से सात गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ सट्टे की रकम क्रिप्टो, यूएसडीटी में कनवर्ट कर भेजते थे दुबई

दुबई तथा रायपुर से संचालित ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा का राजधानी पुलिस ने एक बड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए रायपुर तथा गोवा से सात सटोरियों को गिरफ्तार किया है। राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने पिछले दिनों अमलीडीह इलाके से जिन दो सटोरियों की गिरफ्तार किया था, उनकी निशानदेही पर पुलिस ने गोवा में दबिश देकर पांच और सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सटोरियों के कब्जे से 431 म्यूल अकाउंट जब्त किया है। पुलिस ने जिन सटोरियों को गिरफ्तार किया है, उन लोगों ने सट्टे की रकम एक जगह से दूसरी जगह ट्रांसफर करने आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए खुद का बैंक बनाया था। पुलिस के दावों के मुताबिक खुद का बैंक बनाकर सट्टा संचालित करने का देश में यह संभवतः पहला मामला है।

क्राइम डीसीपी स्मृतिक राजनाला ने सट्टा रैकेट का खुलासा करते हुए जानकारी दी है कि गिरफ्तार सटोरिए तीन अलग-अलग बैटिंग साइड से सट्टा संचालित कर रहे थे। इसके अलावा जिन बैटिंग साइट से सटोरिए सट्टा संचालित कर रहे थे, उसकी मास्टर आईडी बनाकर लोगों से कमीशन बेस पर सट्टा संचालित कर रहे थे। सट्टा संचालित करने का मास्टर माइंड प्रतीक पिछले दो वर्षों से सट्टा संचालित कर रहा है।

### रकम ट्रांसफर करने खुद का बनाया था पेमेंट गेटवे

पुलिस के अनुसार सट्टा संचालित करने वाले प्रमुख लोगों ने पुलिस से बचने एक दूसरे के पास रकम ट्रांसफर करने खुद का पेमेंट गेटवे बनाया था। इसमें इनका अलग यूपीआई सिस्टम होने के साथ क्यूआर कोड रहता था। पेमेंट हासिल करने अपने संबंधितों से क्यूआर कोड में पैसे जमा करवाते थे। सामान्य सट्टा खेलने वालों से रकम हासिल करने म्यूल अकाउंट का इस्तेमाल करते थे। म्यूल अकाउंट में जमा रकम को अपने पेमेंट गेटवे के माध्यम से एक जगह से दूसरी जगह ट्रांसफर करते थे। सटोरिए पेमेंट गेटवे के माध्यम से दुबई तक रकम ट्रांसफर करते थे।



### गिरफ्तार सटोरियों के नाम

- रायपुर - प्रतीक कुमार वाधवानी
- रायपुर - सैंकी देवड़ा
- कोरबा - धनंजय वैष्णव
- बिलासपुर - साकेत जगवानी
- कोरबा - प्रमोद कुमार ओरके
- जांजगीर चांपा - प्रकाश चंद्र मिरी
- बिहार, मधुबनी - शंकर कुमार राम

### महादेव एप से लिंक होने की आशंका

पुलिस ने जिस सट्टा नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, उस नेटवर्क का काम करने का तरीका पूरी तरह से महादेव सट्टा एप की तरह है। एक सवाल के जवाब में क्राइम डीसीपी ने सट्टा नेटवर्क का महादेव सट्टा एप संचालित करने वालों से लिंक होने की आशंका व्यक्त की है। गिरफ्तार आरोपियों की महादेव सट्टा एप के साथ लिंक होने की भी जांच पुलिस कर रही है।

### जांच में ईडी शामिल हो सकती है

पुलिस के अनुसार सट्टा नेटवर्क संचालित करने वाले सटोरियों के द्वारा मनी लांड्रिंग करने की बात सामने आई है। पुलिस पहले अपने स्तर पर जांच कर मनी लांड्रिंग होने की जानकारी जुटाएगी, इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय को मामले की जांच करने पत्र लिखेगी।

### हर पांच महीने में बदल देते थे जगह

रायपुर में गिरफ्तार प्रतीक कुमार वाधवानी तथा सैंकी देवड़ा सट्टा संचालित करने वाले गिरोह के मास्टर माइंड हैं। प्रतीक सट्टा के एक मामले में दिल्ली पुलिस का वांटेड बताया जा रहा है। प्रतीक तथा सैंकी रायपुर तथा आसपास के जिले तथा पड़ोसी राज्य के बेरोजगारों को नौकरी देने का झांसा देकर काम के बहाने गोवा भेज कर उनके माध्यम से सट्टा संचालित करवाते थे। इसके साथ ही पुलिस से बचने सटोरिए हर पांच महीने में गोवा में मकान बदल देते थे।

### पैसा क्रिप्टो, यूएसडीटी में ट्रांसफर कर भेजते थे

प्रतीक तथा सैंकी के कई बार दुबई जाने के पुलिस को प्रमाण मिले हैं। सटोरिए सट्टा की रकम को दुबई ट्रांसफर करने क्रिप्टो करेंसी तथा यूएसडीटी डॉलर में कन्वर्ट कर भेजते थे। पुलिस को 46 हजार 500 क्रिप्टो करेंसी के साथ यूएसडीटी, जिसका भारतीय मुद्रा में 42 लाख रुपए कीमत है, दुबई ट्रांजेक्शन करने के प्रमाण मिले हैं। सटोरिए एक दूसरे के साथ संपर्क करने विदेशी नंबरों का इस्तेमाल करते थे।

### गड़रिया समाज का वार्षिक अधिवेशन, सम्मान भी

रायपुर। रायपुर जिले के खरखराडीह में जय झेरिया गड़रिया समाज का वार्षिक अधिवेशन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ लोकमत अहिल्यादेवी होल्कर के तैलचित्र की पूजा-अर्चना कर किया गया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत जय झेरिया के पदाधिकारियों ने किया। इस मौके पर अधिवेशन में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए छग सर्व गडरिया समाज महासंघ के मुख्य अतिथि अजय हंसा ने गड़रिया समाज के विकास के लिए सभी सामाजिक बंधुओं को आपस में मिलजुल कर रहने पर बल दिया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में जय झेरिया गडरिया समाज द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह के रूप में शॉल एवं लोकमत अहिल्यादेवी होल्कर का छायाचित्र भेंट किया गया। स्वागत भाषण अध्यक्ष सुंदरलाल धनकर ने दिया। इसके बाद सभा को विशेष अतिथि प्रभुदयाल मेषपाल, तेजराम पाल, मिलन धनकर, यशवंत पाल, गोविंद धनगर, सुब्बाराव सावरकर, सोहन महतो, अभिमन्यु धनगर, नारायण प्रसाद पाली, कृष्णा सावरकर आदि ने सभा को संबोधित किया।

## बिजनेस साइट

### श्री बालाजी हॉस्पिटल में 200 बिस्तर की सुपर स्पेशलिटी कैंसर यूनिट का शुभारंभ



रायपुर। मोवा स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल में 200 बिस्तर की अत्याधुनिक सुपर स्पेशलिटी कैंसर यूनिट का उद्घाटन सीएम विष्णुदेव साय ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पताल में उपलब्ध उन्नत चिकित्सा सुविधाएं और आधुनिक मशीनें प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को नई दिशा देंगी। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत यहां पात्र मरीजों को निशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार की सुविधा मिलेगी। मध्यभारत के प्रमुख कैंसर उपचार केंद्रों में शामिल इस नई यूनिट में गैस्ट्रो, न्यूरो, गाइनी, यूरो, नेफ्रो, थोरेसिक तथा हेड एंड नेक कैंसर सहित जटिल बीमारियों का इलाज एक ही छत के नीचे उपलब्ध होगा। अस्पताल में ट्रू बीम रेडिएशन मशीन, हैल्सियन लीनियर एक्सेलरेटर, ब्रेकीथेरेपी, पीईटी-सीटी स्कैन, गामा नाइफ और 128 स्लाइस सीटी सिमुलेटर जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं स्थापित की गई हैं। इसके अलावा 72 आईसीयू बेड, 40 बेड का समर्पित कैंसर आईसीयू, 4 अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर और 8 बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट तैयार की गई हैं। अस्पताल के चेयरमैन डॉ. देवेंद्र नायक ने कहा कि आर्थिक अभाव के कारण किसी भी मरीज का इलाज नहीं रुकेगा।

### आंजनेय यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

रायपुर। आंजनेय यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय 'इनकॉन 26: अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन' का सफल समापन हुआ। 'ग्लोबल कन्वर्जेन्स : बिजनेस, टेक्नोलॉजी एंड ह्यूमैनिटीज फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट' थीम पर आधारित इस सम्मेलन का उद्देश्य सतत विकास के लिए बहु-विषयक संवाद को बढ़ावा देना रहा। सम्मेलन के दूसरे दिन मुख्य वक्ता डीआरडीओ से डॉ. अमितांशु पटनायक रहे। उन्होंने अपने संबोधन में न्यू टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलाधिपति अभिषेक अग्रवाल ने की। कार्यक्रम के अंत में शोधार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुआ।

ANJANEYA UNIVERSITY

### माना-तूता में पहले ....

पेड़ काटने की अनुमति ली गई है। इसका निर्माण दो वर्षों में पूरा किया जाना है। अतः फरवरी के अंतिम सप्ताह में निर्माण के लिए पास ले आऊट के अनुरूप कॉलम के लिए जमीन की खुदाई शुरू हुई। यहां पर पुराने पेड़ों का जंगल मौजूद है। 100 एकड़ जमीन के क्षेत्र में लगभग 4000 पेड़ हैं। इस पेड़ों में शीशम से लेकर अन्य प्रजाति के पेड़ हैं। निर्माण स्थल पर किनारे और सामने की ओर खाली जगह भी है। ले आउट के अनुरूप निर्माण के लिए प्रारंभ में करीब 250 पेड़ों को काटने की अनुमति जिला प्रशासन के माध्मम से वन विभाग से मांगी गई। बाद में यह संख्या बढ़कर 1500 पेड़ों की हो गई। पहले चरण में इतने पेड़ों की कटाई होनी है। दूसरे चरण में यहां के और पेड़ काटे जाने की संभावना है। *150 करोड़ रुपये की अनुमानित लागतः* राज्य में फिल्म टूरिज्म की व्यापक संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की कैपिटल इन्वेस्टमेंट के लिए राज्यों को विशेष सहायता, ग्लोबल स्तर के आइकॉनिक पर्यटन केंद्रों का विकास योजना के अंतर्गत इन दोनों परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। चित्रोत्पला फिल्म सिटी के निर्माण के लिए 95.79 करोड़ रुपये तथा ट्राइबल एंड कल्चरल कन्वेंशन सेंटर के निर्माण के लिए 52.03 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इन दोनों परियोजनाओं का निर्माण पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल के अंतर्गत किया जाएगा। निजी क्षेत्र से लगभग 300 करोड़ रुपये के निवेश की भी संभावना है। परियोजनाओं को दो वर्षों की समयावधि में पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। चित्रोत्पला फिल्म सिटी एवं ट्राइबल एंड कल्चरल कन्वेंशन सेंटर लगभग 100 एकड़ क्षेत्र में विकसित किए जाएंगे।

### ग्रामीण और अन्य ....

की निगरानी के लिए समिति बनाई गई है, जो गतिविधियों पर नजर रखेगी। पेड़ों के कटने की घटना के बाद ग्रीन नोबेल से सम्मानित आलोक शुक्ला, हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति के प्रमुख सदस्य एवं छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन के संयोजक तथा प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता पुष्पेंद्र सिंह परिहार ने शामिल होकर समर्थन दिया।

## पेज 3 के शेष ...

### विरोध के बाद .....

चिन्हित की गई, उसके पास ही खाली जमीन पर पेड़ लागने का प्लान बनाया गया है। हालांकि जानकार कह रहे हैं कि मुरम जमीन में लगे पेड़ों को शिफ्ट करना कठिन होता है। वहीं पहले से ही काफी पेड़ काटे जा चुके हैं।

### एक ही रात ....

ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देश पर होली के पांच दिन पूर्व ही नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस सख्ती बरतने लगी। यही कारण है कि रायपुर में पहली बार 154 नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस कमिश्नर के अनुसार नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

### अब पकड़े गए ....

हो पाएगा। दूसरे दिन मंगलवार को वकीलों का होली मिलन समारोह है। इस वजह से उस दिन कोर्ट का काम प्रभावित रहेगा। बुधवार को कोर्ट में होली का अवकाश है। ऐसे में ड्रंक एंड ड्राइव में जो कार्रवाई होगी, उनकी गाड़ी बुधवार के बाद ही कोर्ट खुलने पर छूटेगी।

### स्कूटी की डिक्की से ...

की दोपहिया की डिक्की की जांच की, तो उसके अंदर एक थैले में से रकम मिली। पुलिस ने मिलन से रकम का वैध दस्तावेज पेश करने के लिए कहा, तो वह मौके पर कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाया और पुलिस को गोलमोल जबाव देने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने वह रकम जब्त कर ली है। **इनपुट** के आधार पर पुलिस ने जांच की : बताया जा रहा है, पुलिस को मुखबिर के माध्यम से पहले ही हवाला की रकम एक जगह से दूसरी जगह ले जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने आमापारा बाजार से लेकर अग्रसेन चौक, समता कालोनी मार्ग में गाड़ियों की जांच की, तो मिलन की गाड़ी में नोटों का बंडल मिला। एडीसीपी राहुल शर्मा के अनुसार मिलन मूलतः राजस्थान का रहने वाला है, वह रायपुर में पिछले पांच वर्षों से कलेक्शन एजेंट का काम कर रहा है। प्रारंभिक पूछताछ में उसने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को वह अलग-अलग ठिकाने से पैसा कलेक्ट कर ले जा रहा था।

### आम सूचना

एतद् सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार भूमि स्वामी श्रीमती ममता रात्रे पति द्वारिका रात्रे निवासी पुलिस लाइन बलौदाबाजार (छ.ग.) ने अपनी स्वामित्व एवं हक की कृषि भूमि जिसका खसरा नम्बर 611/44 रकबा 0.0140 हक्टेयर प.ह.न 00079, रा.नि. रायपुर- एक वाके मौजा ग्राम-बनरसी, तहसील-रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि को बेचने का आपसी सौदा श्रीमति माधवी पाल पति दीपंकर पाल निवासी ब्लाक नं. 7, माना केम्प, माना, रायपुर (छ.ग.) से कर लिया है। मात्र बैनामा पंजीयन किया जाना शेष है।

उपरोक्त खरीद-बिक्री में किसी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय अशासकीय, बैंक, बीमा आदि को किसी प्रकार की आपत्ती हो तो इस आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेज लिखित आपत्ती मेरे समक्ष नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधी के पश्चात किया गया आपत्ती शून्य माना जायेगा तथा मेरे पक्षकार पर बधंनकारी नहीं होगा तथा मेरा पक्षकार बैनामा पंजीयन हेतु स्वतंत्र होगा।

सो सूचना जाने तथा इस पर आवश्यक रूप से अमल करें।

स्थान- रायपुर (छग)
दिनांक-28.02.2026

**अभिजीत सिंह तोमर**
**(अधिवक्ता)**
**डी-4, अवनी विहार दलदल सिवनी, मोवा रायपुर (छ.ग.)**
**मो. नं.- 9826421250**

### उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु :: (आदेश-5, नियम-20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)

न्यायालयः-कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.
उत्तराधिकार प्र.क्र.- 03/2025 प्रो.क्र. 191/26
पेशी तारीख 17.04.2026

कानूचंद सर्कार ............................................आवेदक
बनाम
सेंट्रल बैंक आफ इंडिया व अन्य ...........अनावेदकगण
प्रति,
**आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो**

जो कि आवेदकगण के मृतक पति / पिता स्व० श्री सुभाष सर्कार के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में पेशी 17.04.2026 को दिन प्रातः 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है।

आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

अतः आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेंगा।

**नोटः-** यदि किसी कारणवश आगामी पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेंगा ।

यह आज तारीख 26.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 26.02.2026
मुहर

**कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा**
**षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश**
**वरिष्ठ श्रेणी रायपुर छ.ग.**

### आम सूचना

सर्वसाधरण जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रामाधार पिता रामदुलार, राजेश पिता रामदुलार तोषण पिता रामदुलार निवासी ग्राम कोलर थाना व तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि पृथक पृथक खाते में ग्राम कोलर, प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. खोरपा तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में भूमि खसरा नं. 92/1, रकबा 0.430हे., ख.नं. 92/10 रकबा 0.866हे., ख.नं. 92/12 रकबा 0.866हे., खसरा नं. 92/13 रकबा 0.866हे. भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है ।

यह कि उक्त भूमि के मेरे उपरोक्त पक्षकारगणें के द्वारा किसी भी व्यक्ति संस्था या निकाय को बेचने का कोई सौदा या इकरारनामा निष्पादित नही किया गया है। किसी अन्य के द्वारा मेरे पक्षकार की उपरोक्त भूमि को अन्य के पास बेचने का प्रयास किया जा रहा है जो कि मेरे पक्षकारगण के उपर बंधनकारी नही होगा।

सो सूचना जाने।

दिनांक - 26/02/2026 **भवदीय**
स्थान -अभनपुर

**नागेन्द्र कुमार सिन्हा**
**अधिवक्ता**
**अभनपुर जिला रायपुर छ.ग.**
**मो.नं. 9893906809**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-11 (टिकरापारा) तहसील व जिला रायपुर सीमांकन के संबंध में आम सूचना

दिनांक 25/02/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बेद कुमार साहू छगनलाल साहू, यशवंत साहू पि. जीवनलाल साहू वगै. द्वारा आवेदित ग्राम अमलीडीह प.ह.नं. 69 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-11 (टिकरापारा) स्थित भूमि खसरा नंबर 203/1 रकबा. 0.0910 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्र अ-12 वाचक / नायब तह. / वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 09/02/2026 के परिपालन में दिनांक 09/03/2026 को समय 12:00 बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक / समय तक पटवारी हल्का नंबर 69 के अमलीडीह स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-11 (टिकरापारा)**

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

दुकान एक कूलर अनेक
कूलर हाउस
Sunday Open
रूम-विन्डो हॉल, डक्टिंग, इण्डस्ट्रीयल कूलर
75 नये माडलों के साथ विशाल शो-रूम
रूम ठंडा करने की गांरटी फीटिंग के साथ
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211




**KENT INTERNATIONAL SCHOOL**

रायपुरा अमलेश्वर मार्ग, तिरंगा चौक रोड, झीट अमलेश्वर, मोबाईल - 7880111062, 8085123639

www.kentinternationalschool.com

फीचर इम्पेक्ट

प्रवेश प्रारंभ 2026-27

# स्कूल की परीक्षा से जिंदगी की परीक्षा तक आपके साथ

## केंट इंटरनेशनल स्कूलः जो एआई, रोबोटिक्स और संस्कार के मेल से बदल रहा एजुकेशन की परिभाषा...






रायपुर स्थित केंट इंटरनेशनल स्कूल एक ऐसा संस्थान है। है जो विद्यार्थियों को इंगेज, एजुकेट और एम्पावर करने की अवधारणा पर कार्य करता है। यहां यंग माइंड्स को भविष्य की चु चुनौतियों के लिए तैयार किया जाता है। स्कूल में नर्सरी से लेकर इंटर (कक्षा 12वी) तक की पढ़ाई उपलब्ध है। कक्षा 11वीं और 12वीं के लिए साइंस, कॉमर्स और ह्यूमैनिटीज तीनों स्ट्रीम्स की सुविधाएं मौजूद हैं।

केंट इंटरनेशनल स्कूल पारंपरिक मूल्यों के साथ आधुनिक शिक्षा का संतुलित समन्वय प्रदान करता है। संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल अकादमिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि आवश्यक कौशल और जीवन मूल्यों से भी समृद्ध करना है, ताकि वे विद्यालयी परीक्षाओं के साथ-साथ जीवन की चुनौतियों में भी जिम्मेदारी और प्रभावी तरीके से सफल हो सकें। यहां छात्रों के पर्सनल और प्रोफेशनल डेवलपमेंट के लिए लाइफ स्किल्स पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे वे सामाजिक रूप से जागरूक, जिम्मेदार और सक्षम नागरिक बन सकें।

**"सीखने से रचनात्मकता आती है, रचनात्मकता से चिंतन का विकास होता है, चिंतन से ज्ञान प्राप्त होता है और ज्ञान ही आपको महान बनाता है।"**

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के इन्हीं विचारों को आधार मानते हुए केंट इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल प्रतिभा पंड्या कहती हैं कि हमारा प्रयास है कि यहां पढ़ने वाला हर बच्चा जीवन में ऊंचाइयों तक पहुंचे। बदलते दौर में जब शिक्षा व्यवसाय का रूप ले रही है, तब हम अपनत्व और संवेदनशील वातावरण के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल पढ़ाना नहीं, बल्कि उन्हें जिम्मेदार, अनुशासित और जागरूक नागरिक बनाना है। यहां ज्ञान, संस्कार और आधुनिक कौशल का संतुलित माहौल बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक है। हमें विश्वास है कि यहां सीखे मूल्य उन्हें जीवन में नई ऊंचाइयों तक जरूर लेकर जाएंगे।

**मिस प्रतिभा पंड्या,**
M.A. M.Phil, B.ed
प्रिंसिपल, केंट इंटरनेशनल स्कूल

### रटना नहीं, समझना सिखाते हैं अनुभवी टीचर्स

केंट स्कूल में अनुभवी और प्रशिक्षित टीचर्स व मेंटर्स बच्चों को बुनियादी तौर पर मजबूत करते है, ताकि उनकी रीडिंग, राइटिंग और नंबर की समझ मजबूत बने। यहां पढ़ाई रटने पर नहीं, समझने और सोचने पर आधारित है। बच्चों को क्रिटिकल थिंकिंग सिखाई जाती है ताकि वे सवाल पूछें और खुद समाधान ढूंढें। एआई आधारित लर्निंग से पढ़ाई रोचक और आधुनिक बनती है, वहीं वोकेशनल एजुकेशन से बच्चे भविष्य के लिए तैयार होते हैं। यहां हर छात्र को उसकी रुचि के अनुसार मार्गदर्शन मिलता है, जिससे पढ़ाई आसान, मजेदार और उपयोगी बन जाती है।

### एजुकेशनल फील्ड ट्रिपः ऐसे सीखना हर किसी को पसंद है

केंट स्कूल में एजुकेशनल फील्ड ट्रिप पढ़ाई का खास हिस्सा है। बच्चों को समय-समय पर म्यूजियम, नेचर पार्क, ऐतिहासिक स्थान और फैक्ट्री जैसी जगहों पर ले जाया जाता है, ताकि वे किताबों में पढ़ी चीजों को अपनी आंखों से देख और समझ सकें। इससे पढ़ाई रोचक बनती है और याद भी जल्दी रहती है। बच्चे सवाल पूछते हैं, नई चीजें खोजते हैं और आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। ऐसी यात्राएं उन्हें असली दुनिया से जोड़ती हैं और उनकी सोच, समझ व क्रिटिकल थिंकिंग को मजबूत बनाती हैं। सीखना यहां सिर्फ क्लासरूम तक सीमित नहीं रहता, बल्कि अनुभव के साथ आगे बढ़ता है।



### कल्चरल एक्टिविटीज से आता है कॉन्फिडेंस

केंट स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों की छिपी प्रतिभा को सामने लाने पर खास ध्यान दिया जाता है। हर हफ्ते अलग-अलग कल्चरल एक्टिविटी कराई जाती हैं, जैसे डांस, म्यूजिक, ड्रामा, आर्ट और स्पीकिंग एक्टिविटी, जिससे बच्चे बिना झिझक अपनी कला दिखा सकें। साल में एक बार होने वाला वार्षिक उत्सव उनके लिए बड़ा मंच बनता है, जहां वे आत्मविश्वास के साथ परफॉर्म करते हैं। इन गतिविधियों से बच्चों का कॉन्फिडेंस बढ़ता है, टीमवर्क सीखते हैं और स्कूल आना उनके लिए और ज्यादा मजेदार व यादगार बन जाता है।




### खेलो बच्चों: फुटबॉल से योगा और कराटे तक





केंट स्कूल में खेलकूद को पढ़ाई जितनी ही प्राथमिकता दी जाती है, क्योंकि स्वस्थ शरीर से ही बेहतर भविष्य की नींव रखना संभव है। विद्यालय का मानना है कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि शारीरिक दक्षता और मानसिक संतुलन भी उतना ही आवश्यक हैं। यहां बड़े, हरे-भरे और सुरक्षित मैदान बच्चों की शारीरिक, सामाजिक और मानसिक क्षमता को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्कूल की इंडोर गतिविधियों में चेस, कैरम, टेबल टेनिस और बैडमिंटन के लिए अलग एवं सुव्यवस्थित स्पेस उपलब्ध है। वहीं आउटडोर में फुटबॉल, क्रिकेट, हैंडबॉल और वॉलीबॉल जैसे टीम गेम्स नियमित रूप से प्रशिक्षकों की देखरेख में कराए जाते हैं। बच्चों की एकाग्रता और मानसिक संतुलन बढ़ाने के लिए योगा क्लासेस आयोजित की जाती हैं। साथ ही आत्मरक्षा और आत्मविश्वास को सुदृढ़ करने हेतु कराटे प्रशिक्षण भी दिया जाता है। इन सभी गतिविधियों से छात्र फिट, सक्रिय, अनुशासित, नेतृत्व गुणों से युक्त और आत्मविश्वासी व्यक्तित्व विकसित करते हैं।

### सीखने का मजेदार और समझदार तरीका

यहां पढ़ाई ऐसे प्लान की जाती है कि बच्चा सीखते-सीखते नई चीजें खोजने का आनंद ले। मैथ्स, साइंस और ह्यूमैनिटीज के कठिन कॉन्सेप्ट भी आसान तरीके से समझाए जाते हैं। टीचर्स अपनी बनाई वर्कशीट्स और प्रोजेक्ट्स से पढ़ाई को और रोचक बनाते हैं। ट्रिप, गेस्ट स्पीकर्स और फिल्मों के जरिए बच्चों को असली जीवन से जोड़कर सिखाया जाता है, जिससे लर्निंग यादगार और समझदार बनती है।

### एकेडमिक से आगे की सोच

केंट इंटरनेशनल स्कूल सीबीएसई पाठ्यक्रम के साथ खेल, आर्ट, टेक्नोलॉजी और लाइफ स्किल्स पर बराबर ध्यान देता है। हर छात्र की रुचि पहचानकर उसे उसी क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर दिए जाते हैं। वर्कशॉप, एक्टिविटी और प्रैक्टिकल प्रोग्राम्स के जरिए सीखने की प्रक्रिया को अनुभव से जोड़ा जाता है, जिससे आत्मविश्वास, कौशल और व्यक्तित्व का संतुलित विकास होता है।

## एडमिशन शुल्क अतिरिक्त देय होगा

**शुल्क संरचना 2026-27**

| कक्षा | कुल शुल्क |
|---|---|
| नर्सरी से पीपी-II | 16,090/- |
| कक्षा 1 से 5 | 20,190/- |
| कक्षा 6 से 8 | 24,901/- |
| कक्षा 9 से 10 | 30,965/- |
| कक्षा 11 से 12 | 45,571/- |

प्रति वर्ष ₹50,000 से ₹1,00,000 तक की बचत का अवसर।

## हमारी मुख्य विशेषताएं

- प्रतिवर्ष 50 हजार से एक लाख रु. तक बचाइए।
- ए. सी. एवं डिजिटल क्लासरूम उपलब्ध।
- 6 एकड़ का प्रदूषण रहित हरा-भरा प्राकृतिक परिसर।
- 11वीं, 12वीं कला एवं वाणिज्य, विज्ञान संकाय।
- 3 हजार स्क्वायर फीट का ऑडिटोरियम।

## क्यों चुनें! केंट इंटरनेशनल स्कूल

- **एक्सपर्ट टीचर्सः** केंट इंटरनेशनल स्कूल की सभी क्लासेस अच्छे और क्वालिफाइड टीचर्स द्वारा कंडक्ट की जाती हैं।
- **हर स्टूडेंट मायने रखता हैः** केंट इंटरनेशनल स्कूल स्टूडेंट्स के बेहतर भविष्य के लिए बेहतरीन लर्निंग एक्सपीरियंस देता है।
- **स्टूडेंट्स के लिए केयरिंग फीचर्सः** केंट इंटरनेशनल स्कूल स्टूडेंट्स को अच्छी क्वालिटी की टीचिंग देकर एकेडमिक एक्सीलेंस को बढ़ावा दे रहा है।
- **स्किल्स डेवलपमेंटः** बेहतर कम्युनिकेशन के लिए स्टूडेंट्स को अपनी बात कहना, सुनना और अपने विचारों को असरदार तरीके से रखना सिखाया जाता है।

## 100% Result in Board Exams

Rank 1
**AYUSH PATLE**
CG PET 2025



## OUR SUPER ACHIEVERS FROM 12th Board
(Science, Commerce, Humanities)


Anikait Sahoo 96.8%


Asim Chandrakar 94.6%


Rishabh Agrawal 94.2%


Parth Singhania 94%


Abhyarthana Mahapatra 93.4%


Maahi Raghatate 93.2%


Manya Saxena 92.4%


Riddhima Tiwari 92%


Anupam Singh 92%


Ayush Patle 91.4%


Monal Jain 91%


Chandani Agrawal 90.2%

# पानी शुद्ध करने एक साल में चाहिए 500 क्लोरीन सिलेंडर, निगम जल्द करेगा ऑनलाइन टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम का जल विभाग राजधानीवासियों को पीने का साफ पानी उपलब्ध कराने 500 लिक्विड क्लोरीन सिलेंडर की खरीदी के लिए जल्द टेंडर करेगा। यह टेंडर मार्च के दूसरे सप्ताह में खुलेगा। फिल्टर प्लांट संचालन के लिए हर महीने 35 से 40 क्लोरीन सिलेंडर की जरूरत पड़ती है, यानी सालभर में यह मात्रा 500 सिलेंडर तक पहुंच जाती है। जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया में क्लोरीन बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके उपयोग से पानी में मौजूद बैक्टीरिया और वायरस खत्म हो जाते हैं। इसी तरह गंगरेल डेम से शहर को आपूर्ति किए जाने वाले रॉ वाटर में मटमैलापन दूर करने 800 मीट्रिक टन एलम की खपत होती है, इसके लिए भी ऑनलाइन टेंडर जल्द किया जाएगा।

**फिल्टर प्लांट संचालन के लिए प्रति माह 35 से 40 सिलेंडर की जरूरत, एक क्लोरीन लिक्विड सिलेंडर की कीमत 17 से 20 हजार रुपए**

### रॉ वाटर में मटमैलापन दूर करने 800 मीट्रिक टन एलम है जरूरी

नगर निगम के जल विभाग को पानी का मटमैलापन दूर करने प्रति वर्ष 800 से 850 मीट्रिक टन एलम की जरूरत पड़ती है, इसे ध्यान में रखते हुए साल भर का स्टाक रिजर्व रखना पड़ता है। इसके लिए जेम पोर्टल से खरीदी की जाएगी।जल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक सामान्य दिनों में पानी का मटमैलापन दूर करने जहां 6 से 9 टन एलम चाहिए, वही बारिश के सीजन में पानी में मटमैलापन ज्यादा होने से इसकी मात्रा 15 से 20 टन तक पहुंच जाती है। यही वजह है कि भाठागांव स्थित फिल्टर प्लांट में बारिश से पहले एलम का 75 फीसदी स्टॉक सुरक्षित कर लिया जाता है। सूत्रों के मुताबिक साल भर में एलम खरीदी का खर्च औसतन 1 करोड़ 35 लाख रुपए है।



### क्लोरीन सिलेंडर, एलम खरीदी के लिए ऑनलाइन टेंडर

पानी शुद्ध करने लिक्विड क्लोरीन सिलेंडर और एलम की खपत को ध्यान में रखते हुए इसकी खरीदी के लिए जल्द ऑनलाइन टेंडर किया जाएगा, जल विभाग ने इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है।
- नरसिंग फरेन्द्र, कार्यपालन अभियंता, जल विभाग, नगर निगम रायपुर

### प्रति सिलेंडर 17 से 20 हजार रुपए कीमत

जल शुद्धिकरण के लिए प्रयुक्त लिक्विड क्लोरीन सिलेंडर की कीमत औसतन 17 से 20 हजार रुपए प्रति नग है, साल भर में 500 नग लिक्विड क्लोरीन सिलेंडर की जरूरत पड़ती है। इस तरह 85 लाख से 1 करोड़ रुपए का खर्च इसकी खरीदी में तय है। फिल्टर प्लांट से नगर निगम शहर में स्थापित अपनी 45 नई व पुरानी पानी टंकियों के माध्यम से 70 वार्डों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नियमित रूप से करता है। यह प्रक्रिया सतत रूप से संचालित होते रहती है।

दरअसल, गंगरेल डेम से शहर को पेयजल आपूर्ति के लिए मिलने वाले रॉ वाटर में कई तरह की अशुद्धियां होती है, इसे लोगों तक नलों के माध्यम से पहुंचाने से पहले जल विभाग अपने फिल्टर प्लांट के माध्यम से जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया पूरी करता है। जल शुद्धिकरण के कार्य में प्रमुख रूप से क्लोरीन और एलम की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। फिल्टर प्लांट के अधिकारियों के मुताबिक लिक्विड क्लोरीन सिलेंडर के लिए हर बार ऑनलाइन टेंडर किया जाता है। अब तक इसकी आपूर्ति नागपुर और आंध्रप्रदेश से होती रही है। प्लांट संचालन के लिए सालभर में 500 लिक्विड क्लोरीन सिलेंडर की जरूरत पड़ती है, इसे ध्यान में रखते हुए सालभर के स्टाक के लिए इसकी खरीदी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## खबर संक्षेप

### महिला जागरूक होगी, तभी परिवार और समाज होगा सशक्त



**रायपुर।** उत्कल महिला महामंच द्वारा चलाए जा रहे मिशन महिला शक्ति अभियान अंतर्गत शनिवार को अभियान दल संतोषी नगर, टिकरापारा पहुंचा और महिलाओं को जगाने का काम किया। इस दौरान उत्साहित महिलाएं, नारी शक्ति जिंदाबाद, महिला शक्ति जिंदाबाद का नारे लगा रही थी। यह जागरूकता अभियान आगामी 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस तक निरंतर जारी रहेगा। इस मौके पर महिला महामच की अध्यक्ष सावित्री जगत ने कहा- महिलाएं समाज की मजबूत आधार है, हमारा उद्देश्य है कि हर महिला अपने अधिकारों को जाने, समझे और उनका उपयोग करना सीखे। जब महिला जागरूक होगी, तभी परिवार और समाज सशक्त होगा।

### निशा रानी को मिली पीएचडी की उपाधि

**रायपुर।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय इंदौर मध्यप्रदेश ने



निशा रानी भोई को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनका शोध का विषय कंप्यूटर एप्लिकेशन विषय के अंतर्गत उनके शोध रोगी के व्यवहार विश्लेषण के लिए डेटा माइनिंग तकनीकों का उपयोग करके एक देखभाल निदान प्रणाली विकसित करें रहा। उन्हें एपीजे अब्दुल कलाम विवि के स्टाफ द्वारा निशा रानी भोई को बधाई दी गई है। वे आरएस भोई की पुत्री हैं।

### अब मुक्तांगन और उद्योग नगर में भी ठहराव की तैयारी

# 75 करोड़ के सीबीडी स्टेशन पर दिनभर में पहुंच रहे सिर्फ 3-4 यात्री, सालभर बाद भी कमाई शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



रायपुर से नया रायपुर के बीच ट्रेन परिचालन शुरू हुए करीब एक साल होने को है, लेकिन इस रूट पर यात्रियों की संख्या अब भी उंगलियों पर गिनने लायक है। आलम यह है कि रेलवे को फिलहाल इस रूट पर ट्रेन परिचालन से कोई कमाई नहीं हो रही है। यात्रियों की बेहद कम संख्या को देखते हुए टिकट का काम भी अब एजेंसी को सौंप दिया गया है। 75 करोड़ रुपये की भारी-भरकम लागत से बने सीबीडी रेलवे स्टेशन पर रोजाना केवल 3 से 4 यात्रियों की ही आवाजाही बताई जा रही है। इस बीच, नया रायपुर क्षेत्र में तीन और रेलवे स्टेशनों का निर्माण कार्य चल रहा है। इनमें से 'मुक्तांगन' और 'उद्योग नगर' स्टेशन का काम 70 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है।

इन स्टेशनों का निर्माण एनआरडीए द्वारा किया जा रहा है और संभवतः इसी साल से यहां भी ट्रेनों का परिचालन शुरू हो जाएगा। वहीं नया रायपुर स्टेशन को तैयार होने में अभी समय है। अब बड़ा सवाल यह उठता है कि जब नया रायपुर के मुख्य सीबीडी स्टेशन पर ही गिनती के यात्री मिल रहे हैं, तो इन नए स्टेशनों पर कितने यात्री मिलेंगे? गौर करने वाली बात यह है कि इन सभी स्टेशनों के बीच की दूरी महज 7 से 10 किलोमीटर के आसपास ही है। करोड़ों की लागत से इसे तैयार किया जा रहा है। सभी स्टेशन मेट्रों सिटी तर्ज पर हैं। बता दें कि रायपुर रेलवे स्टेशन से सीबीडी स्टेशन की दूरी ट्रेन मार्ग से लगभग 30 किलोमीटर है। एक 3-फेज मेमू ट्रेन को सीबीडी स्टेशन तक पहुंचने में लगभग 20 यूनिट बिजली की खपत होती है, लेकिन यात्रियों से मिलने वाले किराए से इस बिजली खर्च की भरपाई भी नहीं हो पा रही है।

### स्टेशन के बाहर ऑटो-सिटी बस की सुविधा नहीं

नया रायपुर जाने के लिए यात्रियों का रुझान सालभर बाद भी ट्रेन की ओर नहीं बढ़ पाया है। लोग नया रायपुर घूमने के लिए भी अपने निजी वाहनों का इस्तेमाल करते हैं या फिर रायपुर से सीधे रिजर्व ऑटो लेकर पहुंचते हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि सीबीडी स्टेशन पर उतरने के बाद यात्रियों को आगे अपने गंतव्य तक जाने के लिए ऑटो या सिटी बस जैसी कोई कनेक्टिंग सुविधा नहीं मिलती। यही कारण है कि लोगों ने अब तक इस ट्रेन सेवा को पूरी तरह से नहीं अपनाया है।

### राजिम रूट पर थोड़ी राहत, अब अभनपुर-कुरुद लाइन से उम्मीदें

रायपुर से राजिम के बीच ट्रेन परिचालन शुरू होने के बाद यात्रियों की संख्या में थोड़ी वृद्धि दर्ज की गई है। वर्तमान में रायपुर से राजिम के बीच ट्रेन के प्रत्येक फेरे में 70 से अधिक यात्री सफर कर रहे हैं। अभनपुर और राजिम स्टेशनों से भी यात्री मिल रहे हैं, हालांकि फिलहाल इनकी संख्या अपेक्षाकृत कम है। वहीं, केंद्री स्टेशन पर भी गिनती के ही यात्री नजर आ रहे हैं। इस बीच, रेलवे जल्द ही अभनपुर से कुरुद के बीच भी नई ट्रेन सेवा शुरू करने वाली है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस नए रूट के चालू होने से रायपुर और राजिम रूट पर भी यात्रियों की संख्या में इजाफा होगा।

# माह खत्म, 90.85 प्रतिशत हितग्राहियों को बंट पाया चावल, रायपुर रहा टॉप पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ में चावल उत्सव मनाया जा रहा है। इसके तहत एक साथ दो महीने का चावल भी कार्ड धारकों को बांटा जा रहा है। फरवरी के अंतिम तारीख तक प्रदेश में पंजीकृत 80 लाख 58 हजार 333 कार्ड धारकों में से 90.85 प्रतिशत यानी 73 लाख 21 हजार 292 कार्ड धारकों को चावल बांट दिया गया है। इनमें दो माह का एक साथ चावल पाने वाले कार्ड धारक भी शामिल हैं। शेष छूटे हुए 9.15 प्रतिशत कार्ड धारकों में दो माह की पात्रता रखने वाले धारक ही मार्च में राशन दुकानों से चावल उठा सकेंगे। इधर चावल वितरण में राज्य में रायपुर जिला टॉप पर रहा। यहां 103.61 प्रतिशत कार्ड धारकों को चावल मिल चुका है।

प्रदेश में 14 हजार से अधिक उचित मूल्य की दुकानें संचालित हैं, वहीं राशन कार्डों की संख्या 82 लाख 58 हजार से अधिक हैं। इनमें एपीएल कार्ड धारकों की संख्या 26 लाख 42 हजार के करीब है। चावल उत्सव के तहत एपीएल कार्ड धारकों को छोड़कर अन्य सभी कार्ड धारकों को एक साथ दो माह का चावल बांटा जाना है। इसकी तुलना में 28 फरवरी की स्थिति में प्रदेश में अभी भी लगभग 5 प्रतिशत से अधिक धारकों को दो माह का चावल मिल नहीं पाया हैं।

### 33 में से 22 जिलों में 90 या उससे अधिक प्रतिशत चावल वितरित

प्रदेश में 22 जिलों में 90 प्रतिशत या उससे अधिक चावल का वितरण हो चुका है। इनमें रायपुर सबसे आगे है। रायपुर जिले में 103.61 प्रतिशत चावल वितरित किया जा चुका है। इसी प्रकार बालोद, बिलासपुर, बेमेतरा, बलौदाबाजार, धमतरी, दुर्ग, गौरेला-पेंड्रा, जशपुर, जांजगीर, कांकेर, कवर्धा, खैरागढ़-छुईखदान, कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी, मुंगेली, मोहला-मानपुर, रायगढ़, नारायणपुर, सक्ति, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सरगुजा आदि जिले भी इसमें शामिल है।

## दीनदयाल आडिटोरियम में 7 से श्रीमद भागवत कथा

**रायपुर।** श्रीराम कथा समिति समता कालोनी द्वारा संत चिन्मयदास महाराज की श्रीमद भागवत कथा 7 से 13 मार्च तक राजधानी के जीई रोड स्थित पंडित दीनदयाल उपााध्याय आडिटोरियम में आयोजित होगी। सात दिवसीय कथा का समय दोपहर 3:30 बजे से शाम 7 बजे तक रखा गया है। आयोजन समिति के प्रमुख प्रकाशचंद्र अग्रवाल एवं आनंद अग्रवाल ने बताया कि



संत चिन्मयदास 6 मार्च को रायपुर पधारेंगे। 7 मार्च को सुबह 9 बजे चौबे कालोनी के चिंताहरण हनुमान मंदिर से घोड़ा, हाथी, राउत नाचा और बाजा-गाजा के साथ शोभायात्रा कथा स्थल दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम पहुंचेगी। वृंदावन वासी कथावाचक संत चिन्मयदास पहले दिन मंगलाचरण, भागवत की महत्ता और सुखदेव की कथा सुनाएंगे।

## नकली सोने के हार को अंग्रेजों के जमाने का बताकर ढाई लाख में बेचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के राजेंद्रनगर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को एक युवक और एक महिला ने एक आर्टिफिशियल हार को अंग्रेजों के जमाने के सोने का बताकर ढाई लाख रुपए में बेच दिया। ठगी के शिकार अवंति विहार निवासी महेश कानस्कर ने इसकी रिपोर्ट न्यू राजेंद्रनगर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 318(4) व 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी महेश को 18 जनवरी को पचपेड़ी नाका के पास एक व्यक्ति मिला, जिसने अपना नाम राजेश प्रजापति दिहाड़ी मजदूर बताया। उसने महेश को बताया कि खुदाई के दौरान उसे अंग्रेजों के जमाने के चांदी के पुराने सिक्के और एक सोने का हार मिला है। इस हार को वह बेचना चाहता है। राजेश ने कुछ सोने के सिक्के दिखाते हुए यह भी कहा कि उसे पैसों की जरूरत है, इसलिए कम कीमत में वह हार उसे बेच देगा। पुराने सोने के सिक्कों को देखकर महेश को यकीन होने लगा और उसने हार को टेस्ट कराकर खरीदने की बात कहीं। इसके बाद राजेश ने हार की एक-दो छोटी कड़ियां तोड़कर महेश को दे दी। महेश ने जब इन कड़ियों की जांच कराई तो वह सोने की निकली। इसके बाद महेश ने राजेश से ढाई लाख रूपए में हार खरीद लिया।







